# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

## REVISED LIST OF BUSINESS

**Monday, 18 December 2023 / 27 Agrahayan 1945 (*Saka*)**
**11.00 AM**

1. **Question Hour:** Starred Questions as shown in the separate list to be asked and replies to be given. Replies of Un-Starred Questions to be laid on the table.

2. **Special Mention (Rule-280) :**
   The following Members to raise matters under Rule-280 with the permission of the Chair:
   1. Shri Ramvir Singh Bidhuri
   2. Shri Mohan Singh Bisht
   3. Shri Somnath Bharti
   4. Shri Kartar Singh Tanwar
   5. Shri Mohinder Goel
   6. Shri Madan Lal
   7. Shri Akhilesh Pati Tripathi
   8. Shri Ajay Mahawar
   9. Smt. Bandana Kumari
   10. Shri Praveen Kumar

3. **Consideration and Passing of Bill :**
   **Smt. Atishi, Hon'ble Minister of Finance** to move that **'The Delhi Goods & Services Tax (Second Amendment) Bill, 2023" (Bill No. 05 of 2023)** introduced in the House on 15th December, 2023 be taken into consideration.
   Also to move that the Bill be passed.

4. **Adoption of Report :**
   **Shri Mahinder Yadav**
   **Shri Madan Lal**
   to move the *"This House agrees with the **Third Report of Committee on Welfare of Other Backward Classes** presented to the House on 15th December, 2023"***.**

5. **Short Duration Discussions (Rule-55) :**
   **I.** **Shri Rajesh Gupta**
   **Smt. Raj Kumari Dhillon**
   **Shri Somnath Bharti**
   to initiate discussion on *"'farishtey' scheme on the verge of closure due to non-payment to Hospitals".*

   **II.** **Shri Kuldeep Kumar**
   **Shri Rohit Kumar**
   **Shri Abdul Rehman**
   to initiate discussion on *"provision of basic amenities like water, sewer and road etc. to the residents of unauthorized colonies by the Delhi Government".*

   **III.** **Shri Madan Lal**
   **Shri Rajesh Gupta**
   **Shri Rituraj Govind**
   to initiate discussion on *"hindrances being created by the Finance Department in the functioning of Public Works Department, Delhi Jal Board and Health Department".*

**Delhi**
**18 December 2023**

**Raj Kumar**
**Secretary**

# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## संशोधित कार्यसूची
### सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 / अग्रहायण 27, 1945 (शक)
### 11.00 बजे पूर्वाह्न

1. **प्रश्न कालः** सदस्यों द्वारा पृथक् सूची में दिये गये तारांकित प्रश्न पूछे जायेंगे और उनके उत्तर दिये जायेंगे। अतारांकित प्रश्नों के उत्तर सदन पटल पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

2. **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**
निम्नलिखित सदस्यों द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियम–280 के अंतर्गत मामले उठाये जायेंगेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी | 6 | श्री मदन लाल |
| 2 | श्री मोहन सिंह बिष्ट | 7 | श्री अखिलेश पति त्रिपाठी |
| 3 | श्री सोमनाथ भारती | 8 | श्री अजय महावर |
| 4 | श्री करतार सिंह तंवर | 9 | श्रीमती बंदना कुमारी |
| 5 | श्री महेंद्र गोयल | 10 | श्री प्रवीण कुमार |

3. **विधेयक पर विचार करना तथा पारित करना :**
**श्रीमती आतिशी, माननीय वित्त मंत्री** प्रस्ताव करेंगी कि दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को सदन में पुरःस्थापित **"दिल्ली माल एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023"** (वर्ष 2023 का विधेयक संख्या–05) पर विचार किया जाये।
यह भी प्रस्ताव करेंगी कि विधेयक को पारित किया जाये।

4. **प्रतिवेदन पर सहमति :**
**श्री महेन्द्र यादव**
**श्री मदन लाल**
प्रस्ताव करेंगे किः *"यह सदन दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को सदन में प्रस्तुत किये गये **अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के तीसरे प्रतिवेदन** से सहमत है।"*

5. अल्पकालिक चर्चा (नियम–55):

**I. श्री राजेश गुप्ता**
**श्रीमती राज कुमारी ढिल्लों**
**श्री सोमनाथ भारती**
*"अस्पतालों को भुगतान न होने के कारण फरिश्ता योजना बंद होने के कगार पर"* के संबंध में चर्चा प्रारम्भ करेंगे ।

**II. श्री कुलदीप कुमार**
**श्री रोहित कुमार**
**श्री अब्दुल रहमान**
*"दिल्ली सरकार द्वारा अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को पानी, सीवर और सड़कों इत्यादि की मूलभूत सुविधायें प्रदान करने"* के संबंध में चर्चा प्रारम्भ करेंगे ।

**III. श्री मदन लाल**
**श्री राजेश गुप्ता**
**श्री ऋतु राज गोविंद**
*"लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड तथा स्वास्थ्य विभाग के कामकाज में वित्त विभाग द्वारा उत्पन्न की जा रही बाधाओं"* के संबंध में चर्चा प्रारम्भ करेंगे ।

दिल्ली
**18 दिसम्बर, 2023**

राज कुमार
सचिव

# विधान सभा
## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## LEGISLATIVE ASSEMBLY
### National Capital Territory of Delhi

## प्रश्नों की सूची
## LIST OF QUESTIONS

सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 / 27 अग्रहायण 1945 (शक)

Monday, the 18th December 2023 / 27 Agrahayana, 1945 (Saka)

**तारांकित प्रश्न : 21 - 40**

**अतारांकित प्रश्न : 78 - 188**

Starred Questions : 21 - 40

Unstarred Questions : 78 - 188

## विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**मौखिक उत्तरों** के लिए प्रश्नों की सूची

सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 / 27 अग्रहायण 1945 (शक)

**कुल प्रश्न : 20**

21. श्रीमति प्रीति जितेन्द्र तोमर — ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने बिजली के कनैक्शन दिये गये हैं, कॉलोनीवार सभी उपभोक्ताओं का नाम, पता और टेलीफोन नम्बर सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में टीपीडीडीएल की परिसम्पत्तियों की सूची व उनके प्रयोग, उनकी संरचना व अन्य पूरक ब्योरो सहित सम्पूर्ण विवरण क्या है;

ग) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अन्दर कौन–कौन सी कॉलोनियां हैं जिनमें अभी तक बेयर कंडक्टर यानी बिजली के नंगे तार लगे हुए हैं;

घ) क्या यह सच है कि आंधी तूफान आने पर ये बेयर कंडक्टर आपस में टकराते हैं और जगह–जगह आग लगती है तथा लोगों के घरों के एसी, फ्रीज, लाईट इत्यादि बिजली के उपकरण खराब हो जाते हैं;

ङ) यदि हाँ, तो क्या टीपीडीडीएल की इन बेयर कंडक्टरों को एबीसी केबल के रूप में बदलने की कोई योजना है; और



## LEGISLATIVE ASSEMBLY

## National Capital Territory of Delhi

List of Questions for **ORAL ANSWERS**

Monday, the 18th December 2023 / 27 Agrahayana, 1945 (Saka)

**Total No. of Questions : 20**

**21. Smt. Preeti Jitender Tomar — Power**

Will the Hon'ble Minister of Power be pleased to state:

a) Details of the total number of electricity connections given in Tri Nagar Assembly Constituency alongwith the name, address and telephone numbers of the consumers;

b) List of the assets of TPDDL in Tri Nagar Assembly constituency along with their usage, structure and other related details;

c) The details of the colonies in Tri Nagar Assembly Constituency where there are bare conductors i.e. naked wires;

d) Whether it is a fact that during storm and heavy winds these bare conductors touch each other and cause fires and damages to household appliances like AC, Fridge, Light etc.;

e) If yes, whether TPDDL has any proposal to convert these bare conductors to ABC cables; and

च) बिजली के बिल में बिजली के मूल्य के अतिरिक्त और कौन–कौन से प्रभार लिए जाते हैं?

22. **श्री जितेन्द्र महाजन** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 के अंतर्गत कितने लोगों को तीर्थ यात्रा करने के लिये भेजा गया;

ख) रोहतास नगर विधान सभा से विगत 4 वर्षों में तीर्थ यात्रा पर भेजे गए यात्रियों की सूची उपलब्ध करवाई जाए;

ग) मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत भेजे जाने वाले तीर्थयात्रियों का चयन किस आधार पर किया जाता है, उसका पैमाना क्या है;

घ) पिछले 4 वर्षों में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के प्रचार प्रसार पर व्यय किये गए धनराशि की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाये और इस योजना में यात्रियों पर खर्च की गयी राशि की जानकारी भी उपलब्ध करायें तथा इस योजना में किस किस मद पर कितनी धनराशि खर्च की जाती है; और

ड.) इस योजना के कार्यान्वयन के लिये पिछले 4 वर्षों में एनजीओ अथवा ट्रैवल एजेंसी को किये गये भुगतान की जानकारी उपलब्ध करवाई जाये और इन ट्रैवल एजेंसियों तथा एनजीओ के संबंध में पूर्ण जानकारी भी उपलब्ध करायें?



f) The charges included in the electricity bill besides the cost of electricity?

**22. Shri Jitender Mahajan** **Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) The number of persons sent on pilgrimage under the 'Mukhya Mantri Tirath Yojana' during the years 2020-2021, 2021-2022, 2022-2023 and 2023-2024;

b) List of persons sent on pilgrimage from Rohtas Nagar Assembly Constituency during the past four years;

c) The criteria and basis on which the persons are selected for the pilgrimage under the 'Mukhya Mantri Tirath Yojana';

d) Details of the expenditure made on publicity-advertisement for this Program, expenditure on the pilgrims and the head-wise details of the expenditure made under this Program during the past four years; and

e) Details of the NGOs and Travel Agencies utilized for this Program and the details of the payments made to them during the past four years?

23. श्री जय भगवान उपकार उद्योग

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) डीएसआईआईडीसी बवाना में कन्सैस्नर बवाना इन्फ्रा द्वारा वर्ष 2011 से अब तक कोई भी पार्किंग एरिया विकसित नहीं किये जाने के क्या कारण है; और

ख) कन्सैस्नर बवाना इंफ्रा द्वारा वर्ष 2011 से अब तक कोई भी पार्किंग एरिया विकसित न किये जाने के बावजूद भी एन्ट्री पर पार्किंग फीस लेने की घोषणा के क्या कारण है?

24. सुश्री भावना गौड़ लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पालम विधान सभा में पड़ने वाले भास्कराचार्य कॉलेज में विकास और मैनेजमेंट के कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करवाये जाते हैं;

ख) यदि हाँ, तो 2020 से लेकर अब तक कितने कार्य किये गये हैं, इन कार्यों पर किये गये खर्च सहित पूर्ण विवरण दें; और

ग) इस कॉलेज में भविष्य में कौन कौन से विकास कार्य करने की योजना है, पूर्ण विवरण दें?

25. श्री अजय महावर दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि यमुना विहार और घोंडा पैरिफिरियल सीवर लाईन की सफाई लंबे समय से लंबित है जिसके



**23. Shri Jai Bhagwan Upkar Industries**

Will the Hon'ble Minister of Industries be pleased to state:

a) Reasons for the DSIIDC Bawana Concessionaire Bawana Infra not developing any parking facilities since 2011; and

b) Reasons for announcement regarding collection of parking fees in spite of the Concessionaire Bawana Infra not developing any parking facilities since 2011?

**24. Ms. Bhawna Gaur Public Works Department**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state:

a) Whether the development and management works in the Bhaskaracharya College in Palam constituency is done by the Public Works Department;

b) If yes, the details of the works done since 2020 including the expenditure made on these works; and

c) Details of the proposed works to be undertaken in this college in future?

**25. Shri Ajay Mahawar Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether the work of cleaning the Yamuna Vihar and Ghonda Peripheral Sewer lines is pending for a long time as a result of which the people of Ghonda

कारण घोंडा विधानसभा के लोग सीवर ओवरफ्लो का दंश झेल रहे हैं;

ख) इन लाइनों की सफाई कितने समय के अंतराल पर होनी चाहिए;

ग) यमुना विहार सीवर राईजिंग मेन का कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा;

घ) सीवर की सफाई के बाद उसकी गाद जो सड़कों पर बहती रहती है उसके निस्तारण के लिए दिल्ली जलबोर्ड के पास क्या योजना है तथा क्या संसाधन हैं, यदि नहीं, तो उसके लिए सरकार क्या कदम उठा रही है;

ड.) वर्ष 2015 से पहले दिल्ली जलबोर्ड में कितने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट थे और उनकी पानी की क्षमता कितनी थी;

च) पिछले सात सालों में विभाग द्वारा कितने नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गये और कितनी एमजीडी पानी की क्षमता दिल्ली की जनता के लिए बढ़ाई गई;

छ) वर्ष 2015 से पहले कितने टैंकर दिल्ली जल बोर्ड के पास थे और आज कितने टैंकर हैं;

ज) दिल्ली के सभी घरों में कब तक नल व जल पहुंचेगा और कब दिल्ली टैंकर माफियाओं से मुक्त होगी;

झ) दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित पानी के बिल की माफी योजना अभी तक लागू न होने के क्या कारण हैं; और

ञ) यह योजना कब तक लागू की जाएगी?



Constituency are facing severe problems due to overflow of the sewer lines;

b) The time period in which these lines are supposed to be cleaned;

c) By when the work of Yamuna Vihar Sewer Rising Main will be completed;

d) The plan and resources available with the DJB to remove the silt from the roads after removing from the Sewers; if not available, the steps being taken by the government in this regard;

e) Details of the Water Treatment Plants of DJB before 2015 and their capacities;

f) Details of the water treatment plants commissioned during the past seven years and how much MGD water capacity was enhanced during this period;

g) The number of DJB water tankers available before 2015 and the number available now;

h) By when will every household in Delhi received tapped water and be relieved from the tanker mafia;

i) Reasons for not implementing the Water Bill Amnesty Scheme announced by the Hon’ble Chief Minister; and

j) By when will this scheme be implemented?

26. श्री भूपिंदर सिंह जून महिला एवं बाल विकास

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में कुल कितनी आँगनवाड़ियाँ काम कर रही हैं;

ख) इन आँगनवाड़ियों में बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में रहने वाली कितनी महिलाएँ हेल्पर/वर्कर के रूप में कार्य कर रही हैं;

ग) क्या सीडीपीओ आँगनवाड़ियों में हेल्पर्स/वर्कर्स की रिक्तियों के संबंध में, संबंधित विधानसभा के जन–प्रतिनिधियों को नियमित रूप से जानकारी देते हैं;

घ) क्या विधायक–प्रतिनिधियों को इस बात का अधिकार है कि वे समय–समय पर जन–समस्याओं के समाधान हेतु आँगनवाड़ियों का दौरा/निरीक्षण कर सकें; और

ङ) क्या विभाग द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री के बारे में जन–प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है ताकि वे इन पर नज़र रख सकें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके?

27. श्रीमती राज कुमारी ढिल्लों दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पिछले कुछ समय से दिल्ली निवासियों के पानी के बिल बहुत ही बढ़–चढ़ कर आ रहे हैं;



**26. Shri Bhupinder Singh Joon Woman and Child Development**

Will the Hon'ble Minister of Woman and Child Development be pleased to state:

a) The number of Anganwadis working in the Bijwasan Constituency;

b) The number of women from the Bijwasan Constituency working in these Anganwadis as helper/ workers;

c) Whether the elected representatives of the concerned constituencies are being regularly informed about the vacancies of helpers/workers by the CDPOs;

d) Whether the MLA-Representatives have the authority to inspect and visit these anganwadi centres to solve the public grievances; and

e) Whether the MLA-Representatives are informed about the materials supplied by the department so that they could monitor the supplies and prevent any irregularities?

**27. Smt. Raj Kumari Dhillon Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether it is a fact that for the past some time, the people of Delhi are receiving exorbitant bills for water ;

ख) यदि हाँ, तो इस समस्या से निबटने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

ग) क्या जल विभाग की पानी के बिलों की 'आम माफी योजना' प्रस्तावित है;

घ) यदि हाँ, तो यह योजना कब तक आ जाएगी;

ङ) क्या यह भी सत्य है कि मीटर रीडर अक्सर बिना रीडिंग लिए ही बिल जेनेरेट कर देते हैं और बिल में रीडिंग की जगह 'मीटर लॉक (M/LOC)' या NUW (No use of water)' लिख कर भेज देते है; और

च) क्या सरकार द्वारा इस प्रकार के रीडर्स पर लगाम लगाने हेतू कोई कार्रवाई की गई है?

28. श्री विशेष रवि लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) स्थानीय विधायक द्वारा दी गई शिकायत पत्र संख्या नं0–116407 पर क्या कार्रवाई की गई;

ख) यदि इस पर कार्रवाई नहीं की गई कौन–कौन से अधिकारी उसके लिये जिम्मेदार हैं; और

ग) इस शिकायत पर कब तक कार्रवाई की जायेगी?

29. श्री जरनैल सिंह ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में अलग–अलग पावर सप्लाई कंपनियों के कुल कितने खंबे व ट्रांसफार्मर्स लगे हुए हैं तथा इनमें से कितने खंबे व ट्रांसफार्मर सड़कों पर लगे हैं, पूर्ण विवरण दें;



b) If yes, the steps being taken by the government to overcome this problem;

c) Whether the Department has any proposal for General Amnesty Scheme for water bills;

d) If yes, by when will this scheme be implemented;

e) Whether it is a fact that often, the meter readers write Meter Lock (M/Loc) or NUW (No Use of Water) without actually taking the reading; and

f) Whether the government proposes any action to rein in such meter readers?

**28. Shri Vishesh Ravi Public Works Department**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state:

a) Action taken on the complaint letter No.116407 of the area MLA;

b) If no action has been taken, the details of the officers responsible for this; and

c) By when shall action be taken on this complaint?

**29. Shri Jarnail Singh Power**

Will the Hon'ble Minister of Power be pleased to state:

a) The details of the number poles and transformers of the various DISCOMS in Delhi and the details of the number of poles and transformers installed on roads;

ख) क्या इन कंपनियों या विभाग के पास इन खंबों व ट्रांसफार्मर्स से होने वाले ट्रैफिक जाम या अन्य परेशानियों से संबंधित शिकायतें आई हैं;

ग) यदि हाँ, तो उन सभी का विवरण दिया जाए तथा उन सभी शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई व कितनी शिकायतें अभी तक लंबित पड़ी हैं उनका भी विवरण दिया जाए;

घ) किसी खंबे या ट्रांसफार्मर से यदि यातायात बाधित हो रहा है तो विभाग के पास उसको शिफ्ट करने की क्या पॉलिसी हैं;

ड.) विभाग में दर्ज होने वाली परेशानियों के समाधान के लिए क्या कार्रवाई की जाती है; और

च) रिहाईशी इलाकों के ऊपर से होकर गुजरने वाली हाई–टेंशन तारों को हटाने के लिए विभाग की क्या पॉलसी है, पूर्ण विवरण दें?

30. श्री अभय वर्मा — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा 58 में वर्ष 2020, 2021, 2022 और 2023 में लोक निर्माण विभाग द्वारा लक्ष्मी नगर विधानसभा में अब तक कौन–कौन से कार्य पूरे कर लिये गए है, उन कार्यो पर कुल कितना बजट खर्च हुआ है और कौन–कौन से कार्य अभी चल रहे हैं व उन पर कितना बजट खर्च होगा और लक्ष्मी नगर विधानसभा 58 के विधायक द्वारा कौन–कौन से कार्य करवाने का पत्र प्राप्त हुआ है और उस पर क्या–क्या कार्रवाई हुई, विस्तृत जानकारी दी जाए;



b) Whether the DISCOMs or the Department has received any complaints regarding the traffic jam related problems being faced due to these poles and transformers;

c) If yes, the details of these complaints, the action taken on these complaints and the number of complaints still lying pending unresolved;

d) The details of the policy of the department to shift such poles and transfer which obstruct the traffic;

e) The action taken to resolve the grievances lodged with the Department; and

f) The details of the policy for shifting of High tension wires passing over residential areas?

**30. Shri Abhay Verma — Public Works Department**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state:

a) Complete details of the works completed by PWD in the Laxmi Nagar Constituency-58 during the years 2020, 2021, 2022 and 2023; the details of the budget spent on these works; details of the works which are still going on and the amount that will be spent on these works; the details of the works for which request letters received from Laxmi Nagar Constituency-58 and what action has been taken on these;

ख) लक्ष्मी नगर विधानसभा 58 में कैमरे लगाने का काम शुरू नहीं होने के क्या कारण हैं और इस विलम्ब के लिए सम्बन्धित अधिकारी कौन हैं, इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराएं;

ग) क्या लुटियन जोन में किसी भी भवन को तोड़ने से पहले किसी विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाता है;

घ) यदि हाँ, तो क्या मुख्यमंत्री निवास के निर्माण में यह प्रक्रिया अपनाई गई, विस्तृत जानकारी दी जाए;

ङ) माननीय मुख्यमंत्री के सरकारी निवास स्थान का नवीनीकरण किया गया या पुरानी इमारत को पूरी तरह से तोड़कर पुर्ननिर्माण किया गया;

च) यदि पुरानी इमारत को तोड़कर नये भवन का निर्माण किया गया तो इसके लिए किस–किस विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया, अनापत्ति प्रमाण पत्र की कॉपी भी दें एवं इस पूरे भवन के निर्माण में किस किस कार्य पर कुल कितना–कितना खर्च किया गया, अलग–अलग विस्तृत जानकारी दें;

छ) मुख्यमंत्री निवास के पुर्ननिर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग ने विधानसभा पटल से पास प्रस्ताव या कैबिनेट द्वारा अनुमोदित कोई आदेश पर कार्य किया; और

ज) यदि हाँ, तो उसकी पूरी जानकारी दें और यदि नहीं, तो किसके आदेश पर माननीय मुख्यमंत्री के नये आवास का निर्माण हुआ, पूरी जानकारी दें?



b) Reasons for not commencing the work of installation of CCTVs in the Laxmi Nagar Constituency-58; the officers responsible for this delay; and the action taken in this regard;

c) Whether any NOC is required from any Department before demolition of any building in the Lutyens Zone;

d) If yes, whether this procedure was adopted in the matter of construction of the Chief Minsiter's Residence;

e) Whether the Hon'ble Chief Minister's official residence was renovated or was a new building constructed after demolition of the existing structure;

f) If a new building was constructed after demolition of the old structure; the details of the departments from which NOCs were taken; copies of the NOCs be provided and the details of the item wise expenditure made on the construction of the building be also provided;

g) Whether the PWD did the renovation work of the Chief Ministers residence on the basis of any decision taken by the Assembly or Cabinet; and

h) If yes the details thereof, and if not on whose directions the new Chief Minister's Residence was constructed?

**31. श्री प्रवीण कुमार** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) प्रस्तावित 'सुनहरी पल नाल' स्कूल के विषय में रीक्रिएशन हेतु दिल्ली जल बोर्ड से डीडीए द्वारा मांगी गई जमीन को देने के विषय में क्या कार्यवाही की गई है;

ख) वह जमीन अभी तक न दिये जाने के क्या कारण है;

ग) जमीन न देने के मामले में देरी के लिए दोषी अधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाही की गई; और

घ) जो कार्रवाही अभी तक की गई है उसका विवरण एवं सभी फाईलों की सत्यापित कॉपी दें?

**32. श्री सुरेन्द्र कुमार** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार द्वारा नये मोहल्ला क्लीनिक एवं डिस्पेंसरी खोलने की सरकार की कोई योजना है;

ख) यदि हाँ, तो कहां–कहां पर खोलने की योजना है, सूची सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें;

ग) इस विधान सभा क्षेत्र में कितने मोहल्ला क्लीनिक एवं डिस्पेंसरी चल रहे हैं; और

घ) उनमें कार्य करने वाले डॉक्टरों व अन्य कर्मचारियों के नाम, पद और फोन व मोबाईल नंबर सहित पूर्ण विवरण दें?



**31. Shri Praveen Kumar** **Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) The steps taken for land asked by DDA from DJB for the purpose of recreation of proposed 'Sunehri Pal Naal' school;

b) The reasons for not handing over the land till date;

c) The action taken against the officers responsible for not handing over the land; and

d) Details of the action taken in this regard along with the certified copies of the files?

**32. Shri Surender Kumar** **Health**

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Whether the government has any proposal to open new Mohalla Clinics and Dispensaries in the Gokalpur Constituency;

b) If yes, the list and complete details of the locations where these are to be opened;

c) Details of the existing Mohalla Clinics and Dispensaries in this Constituency; and

d) Details of the doctors and other staff working in these alongwith their names, designation and phone numbers?

33. श्री रोहित कुमार — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि पिछले तीन वर्षों से लगातार संबंधित मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के संज्ञान में लाये जाने के बावजूद त्रिलोकपुरी विधानसभा के न्यू अशोक नगर क्षेत्र के नाले वाले रोड़ को अभी तक नहीं बनाया गया है;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इस रोड़ को बनाने या NOC देने में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है, पूर्ण विवरण दें;

घ) इस रोड़ को बनाने हेतु यदि कोई समस्या है तो क्या कोई उचित वैकल्पिक समाधान निकाला गया है; और

ङ) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें?

34. श्री विजेन्द्र गुप्ता — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) 29 सितम्बर 2023 को हुई समीक्षा बैठक में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जिन चुनिंदा क्षेत्रों में टैंकर जा रहे हैं वहां भी आरओ प्लांट लगाये जाने के आदेश पर क्या प्रगति हुई है;

ख) क्या दिल्ली जल बोर्ड के प्रोजेक्ट्स जो 15 करोड़ से अधिक हैं उसके एस्टिमेट को अप्रूव करने की क्षमता दिल्ली जल बोर्ड के चेयरमैन के पास है या पहले रही है;



**33. Shri Rohit Kumar — Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Road along the drain(nala) in New Ashok Nagar Area of Trilokpuri Constituency has not been constructed in spite of being brought to the notice of the Hon'ble Minister and the DJB for the past three years;

b) If yes, the reasons thereof;

c) The details of the action taken by DJB for constructing this road or issuing NOC;

d) Whether any alternative solution has been found in case there is any problem in construction of this road; and

e) If yes, the details thereof?

**34. Shri Vijender Gupta — Delhi Jal Board**

Will the Hon'ble Minister of Water be pleased to state:

a) The progress made regarding orders of the Hon'ble Chief Minister in the Review Meeting held on 29.09.2023 for installation of RO Plants also in the areas where Water Tankers are plying ;

b) Whether the Chairperson of DJB has or earlier had powers to approve projects of DJB worth more than 15 crores;

ग) पिछले कुछ वर्षों के दौरान दिल्ली जल बोर्ड के चेयरमैन ने कौन–कौन से प्रोजेक्ट के एस्टिमेट को अप्रूव करने का काम किया तथा जिन प्रोजेक्ट के एस्टिमेट को अप्रूव करने का काम किया उसके अप्रूव्ड कॉस्ट, वास्तविक खर्च व काम से जुड़ी एजेंसी की जानकारी दें;

घ) पिछले कुछ वर्षों के दौरान दिल्ली जल बोर्ड के चेयरमैन ने जिन प्रोजेक्ट के एस्टिमेट को अप्रूव करने का काम किया उसके ड्राफ्ट एनआईटी तैयार करने के समय व टेंडर अवार्ड करने के दौरान क्या प्रक्रिया अपनाई गयी;

ड.) क्या यह सत्य है कि दिल्ली जल बोर्ड ने जल बोर्ड के बकाया कर्ज को कम करने के लिये शहरी विकास विभाग को प्रपोजल भेजे हैं या भेजने का निर्णय लिया है;

च) यदि हाँ, तो ये प्रपोजल कब भेजे गए और इस पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है, दिल्ली जल बोर्ड द्वारा भेजे गए प्रपोजल की प्रति उपलब्ध करवाई जाये;

छ) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा की जा रही पानी सप्लाई में पिछले 10 वर्षों के दौरान लीकेज होने वाले पानी का क्या प्रतिशत रहा है तथा दिल्ली जल बोर्ड द्वारा लीकेज कम करने से जुड़े कामों पर कितनी राशि खर्च की गयी है व पिछले कुछ वर्षों के दौरान वाटर लीकेज लगातार बढ़ने के क्या कारण हैं;

ज) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा की जा रही पानी सप्लाई में उपभोक्ता से प्राप्त शिकायत के आधार पर कितने सैम्पल लिये गये व उनमें से कितने प्रतिशत सैम्पल मानकों के आधार पर फेल हुए, पिछले 10 वर्षों का वर्षवार जानकारी दें;

झ) कृपया उन सलाहकारों की सूची दें जिन्होंने DWSIIP की स्थापना के बाद से समग्र तकनीकी सहायता और प्रबंधन



c) Details of the projects approved by the DJB Chairman during the past few years and the details of the approved cost, actual expenditure and name of the agency which were given these works;

d) The procedure adopted for preparing the draft NIT and award of Tenders for the projects approved by the DJB Chairperson;

e) Whether the DJB has sent or taken any decision to send to the Urban Development Department any proposal seeking to reduce their due loans;

f) If yes, copies of this proposal alongwith the details of the action taken on this proposal and when it was sent;

g) Details of the percentage of leakage of water supplied by DJB during the past ten years; the amount spent by DJB on works to prevent leakage of water and the reasons for regular increase in the leakage of water;

h) Details of samples collected during the past ten years for checking contaminated water on the basis of complaints received from the consumers and the details of the number of samples which failed to clear the water quality standards;

i) List of the consultants who provided the DJB with total technical and management assistance since the

पर डीजेबी का समर्थन किया है और इन सलाहकारों को कितना भुगतान किया गया है, पूर्ण जानकारी दें;

ञ) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2015 के बाद DWSIIP प्रारंम्भिक इंजीनियरिंग डिज़ाइन और लागत अनुमान में क्या बडे और छोटे बदलाव किये गये हैं और दिल्ली जल बोर्ड DWSIIP के तहत क्षेत्रों के लिए जल वितरण प्रणाली में सुधार हेतु निजी क्षेत्र के ऑपरेटरों को लाने की योजना बना रहा है;

ट) यदि हाँ, तो इस विषय पर सम्पूर्ण जानकारी दे व आपरेटर की सूची व उन्हें सौपें गये क्षेत्रों की सूची प्रदान करें; और

ठ) दिल्ली जल बोर्ड DWSIIP परियोजना से संबधित कैबिनेट नोट प्रदान करें व DWSIIP परियोजना का पैकेजवार निविदा अनुमान, निविदा पुरस्कार विवरण और निविदाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची प्रदान करें। प्री–बीड स्तरों पर ऑपरेटरों को भुगतान संबंधी शर्तो के लिए 2015 से जारी विभिन्न आरएफपी में प्रमुख बदलाव क्या हैं? कृपया DWSIIP परियोजनाओं से संबधित विस्तृत निर्णय की प्रति प्रदान करें?

35. श्री शरद चौहान — स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) राजीव गांधी सुपर स्पेशिलिटी और जनकपुरी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के चेयरमैन कौन हैं और उन्होंने उस विषय में पिछले एक वर्ष में कितनी मीटिंग्स ली और क्या निर्णय लिए;



inception of DWSIIP and the payments made to these consultants;

j) Details of the major and minor changes in the initial designs and estimates made by DWSIIP and whether the DJB has any proposal to bring in private operators to improve water distribution system in areas under the DWSIIP;

k) If yes, the complete details including the list of the operators and the area assigned to them; and

l) Provide copy of the cabinet note relating to the DWSIIP alongwith the package-wise details of the Tender Estimates, Tender Award details, list of participants for the tender; the main changes made in the various RFPs at the stage of Pre-bids regarding payments to the operators; please also provide copies of the detailed decisions taken regarding the DWSIIP projects?

**35. Shri Sharad Chauhan — Health**

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Who are the Chairpersons of the Rajiv Gandhi Super Speciality Hospital and the Janakpuri Super Specialty Hospital and the details of the meetings held and decisions taken by them during the past one year;

ख) उन अस्पतालों में डॉक्टर, स्टाफ, मशीन, उपकरण और दवाईयों की कमी का विस्तृत विवरण दें;

ग) उन कमियों को दूर करने के लिए अस्पताल के चेयरमैन ने क्या–क्या कार्यवाही की सभी विषयों का अलग से विस्तारपूर्वक ब्यौरा दें;

घ) इन कमियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य सचिव ने क्या–क्या कार्यवाही की सभी का अलग–अलग विस्तार से ब्यौरा दें;

ड.) विभाग के माननीय मंत्री द्वारा इस विषय में स्वास्थ्य सचिव और मुख्य सचिव को क्या–क्या आदेश मिले और उन पर क्या–क्या कार्यवाही हुई उसका पूर्ण विवरण दें;

च) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में डॉक्टरों की भर्ती करना किसका दायित्व है चुनी हुई सरकार का या माननीय उप–राज्यपाल का, जानकारी दें;

छ) उपरोक्त संदर्भ में कितनी भर्तियां की गईं इसका विस्तारपूर्वक विवरण दें; और

ज) दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सो, फार्मासिस्ट व टैक्नीशियन के कुल कितने पद खाली है, पूर्ण विवरण दें?

36. श्री महेन्द्र गोयल — श्रम

क्या माननीय श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि वर्तमान समय में श्रमिक कार्ड नहीं बनाये जा रहे;



b) Details of the shortage of Doctors, Staff, Machines, Equipments and Medicines in these Hospitals;

c) Details of the action taken by the chairpersons to remove these shortcomings;

d) Details of the action taken by the Health Secretary to remove these shortcomings;

e) Details of the directions issued by the Hon'ble Minister to the Chief Secretary and the Health Secretary in this regard and action taken on them;

f) Whose responsibility is it to recruit doctors for the Delhi Government Hospital, the Hon'ble Lieutenant Governor or the elected Government;

g) The details of the recruitments made with reference to the above; and

h) Details of the vacancies in all the Delhi Government Hospitals for the posts of Doctors, Nurses, Pharmacists and Technicians?

**36. Shri Mohinder Goyal — Labour**

Will the Hon'ble Minister of Labour be pleased to state:

a) Whether it is a fact that Shramik Cards are not being issued now;

ख) क्या यह भी सत्य है कि पुराने बने श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण भी नहीं हो रहा है;

ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

घ) यदि श्रमिक कार्ड बनवाने या इसके नवीनीकरण के लिये कोई नया नियम बनाया गया हो तो कृपया पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवायी जाये; और

ड.) वर्तमान समय में रिठाला विधान सभा क्षेत्र के कुल कितने श्रमिक कार्ड हैं, नाम, पता, टेलीफोन नंबर सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवायी जाये?

**37. श्री राजेन्द्र पाल गौतम लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) नंद नगरी डी.सी. ऑफिस और स्कूल के बीच स्काईवाक बनाने के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; सम्पूर्ण जानकारी दें;

ख) क्या यह सत्य है कि शाहदरा विधानसभा व सीमापुरी विधानसभा को डीयर पार्क के पास डिवाइडर रोड़ पर पॉकेट ओ, पी, क्यू, आर, डी ए व सी ब्लॉक के चारों ओर कंक्रीट का नाला बनाने का प्रस्ताव पेंडिंग है;

ग) यदि हाँ, तो इनका टेंडर कब तक हो जायेगा और कब तक यह कंक्रीट का नाला बन जायेगा;



b) Whether it is also a fact that the old Shramik Cards are also not being renewed;

c) If yes, the reasons thereof;

d) The details of new guidelines or rules if any framed for issuing new Shramik Cards or their renewal; and

e) The details of the existing Shramik Cards in Rithala Constituency alongwith their names, address and telephone numbers?

**37. Shri Rajender Pal Gautam Public Works Department**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state:

a) Status of the proposal to construct a skywalk between the Nand Nagri DC Office Complex and Nand Nagri School;

b) Whether it is a fact that there is a proposal for construction of concrete drains on all sides in the divider road of Shahdara and Seemapuri Constituency near the Deer Park in the Pockets O, P, Q, R, D, A and C Blocks;

c) If yes, when will the tender be issued for this and by when will the work be completed;

घ) क्या यह सत्य है कि नंद नगरी में कैप्टन जावेद अली मार्ग पर कंक्रीट का नाला बनना प्रस्तावित है; और

ङ) यदि हाँ, तो उसके टेंडर की स्थिति बतायें व कब तक टेंडर होकर काम पूरा हो जायेगा?

**38. श्री अनिल कुमार बाजपेयी** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 अप्रैल, 2015 से लेकर 31 मार्च, 2020 तक और फिर 1 अप्रैल, 2020 से लेकर 31 अक्तूबर, 2023 तक समाज कल्याण विभाग द्वारा कितने बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन एवं कितने दिव्यांग जनों को दिव्यांग पेंशन जारी की गईं, अलग–अलग योजनानुसार वर्षवार पूरी जानकारी प्रदान करें; और

ख) कृपया उपरोक्त जानकारी गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र के अतिरिक्त दिल्ली की अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों के संदर्भ में भी प्रदान करें?

**39. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली के अंतर्गत कुल कितने गांव हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों के पास उनके रिकार्ड उपलब्ध नहीं हैं;



d) Whether it is a fact that there is a proposal for construction of concrete drain along the Captain Javed Ali Marg; and

e) If yes, the status of the tender and by when will the tender be awarded and work completed?

**38. Shri Anil Kumar Bajpai** **Social Welfare**

Will the Hon'ble Minister of Social Welfare be pleased to state:

a) Year wise and scheme wise details of the old age pension and disability pension issued in the Gandhi Nagar Constituency during the period 01.04.2015 to 31.03.2020 and 01.04.2020 to 31.10.2023; and

b) Please provide the above details for the remaining 69 Constituencies of Delhi also besides Gandhi Nagar Constituency?

**39. Shri Mohan Singh Bisht** **Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) The number of villages in Delhi;

b) Whether it is a fact that the Revenue Department officers do not have records of these;

ग) यदि हाँ, तो रेवेन्यू रिकार्ड होने बाद आज तक जिन किसानों की मृत्यु हो गई उनके बच्चों के नाम पर ज़मीन नहीं ट्रांसफर किये जाने के क्या कारण है;

घ) क्या यह भी सत्य है कि भूमिधरों की ज़मीन का ट्रांसफर अपने परिवार के लोगों में ट्रांसफर करने के लिये कई सालों तक इंतजार करना पड़ता है; और

ङ) यदि नहीं, तो आज तक कितने गांवों की ज़मीन को ट्रांसफर किया गया है?

**40. श्री अब्दुल रहमान लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि सीलमपुर विधान सभा में ब्रहमपुरी रोड़ काफी समय से टूटा पड़ा है जिसके कारण वहां भंयकर जाम लगा रहता है;

ख) यदि हाँ, तो इस रोड की मरम्मत कब तक करवा दी जायेगी;

ग) क्या यह भी सत्य है कि स्थानीय विधायक द्वारा बार–बार संज्ञान में लाये जाने के बावजूद ब्रहमपुरी रोड के दोनों ओर स्थित नाले की पिछले दो वर्षो से ठीक तरीके से सफाई नहीं की गई है; और

घ) यदि हाँ, तो इस नाले को कब तक पूर्ण रूप से साफ कर दिया जायेगा?

**राज कुमार**

**सचिव**



c) If yes, the reasons for not transferring the land to the children of the farmers who have died after the revenue records;

d) Whether it is also a fact that the Bhumidars have to wait for years to transfer their land to their children; and

e) If not the details of the number of villages where such land has been transferred?

**40. Shri Abdul Rehman Public Works Department**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Brahmpuri Road in Seelampur Constituency is badly damaged as a result of which there are huge traffic jams;

b) If yes, by when will this road be repaired;

c) Whether it is a fact that in spite of the area MLA drawing attention the drains on both the sides of the Brahmpuri Road has not been properly cleaned; and

d) By when will these drains be completely cleaned?

**Raj Kumar**

**Secretary**

17

# विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**लिखित उत्तरों** के लिए प्रश्नों की सूची

सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 / 27 अग्रहायण 1945 (शक)

**कुल प्रश्न : 111**

78. श्री ऋतुराज गोविन्द — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किराड़ी विधान सभा में दिल्ली परिवहन विभाग द्वारा किस–किस रूट पर कितनी बसें चलायी जा रही हैं, पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या सरकार की किराड़ी विधान सभा में मोहल्ला बस सर्विस चालू करने की कोई योजना है;

ग) यदि हाँ, तो विस्तारपूर्वक जानकारी दें; और

घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

79. श्री अब्दुल रहमान — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि अलकनंदा में अरावली अपार्टमेंट के सामने डीटीसी का कोई बस डिपो हैं;

ख) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या वहां पर दर्जनों डीटीसी बसों का खड़े होना और डिपो की तरह इस्तेमाल होना न्यायसंगत है;



घ) क्या वहां पर इस तरह से डिपो की तरह इस्तेमाल करने के लिये संबंधित अथॉरिटी से अनुमति ली गयी है; और

ड.) यदि हाँ, तो सभी अनुमतियों की प्रति उपलब्ध कराई जाये?

80. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में इस समय डीटीसी की कुल कितनी इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर चल रही हैं;

ख) इन इलेक्ट्रिक बसों की खरीद में केंद्र सरकार एवं दिल्ली सरकार का कितना–कितना योगदान है; और

ग) अगले दो सालों में कितनी और इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली को मिल पाएंगी, पूर्ण विवरण दें?

81. श्री जितेन्द्र महाजन — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली परिवहन निगम की पिछले 9 वर्षो की वर्षवार वित्तीय स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराये;

ख) दिल्ली परिवहन निगम की पिछले 9 वर्षो में उपलब्ध बसों की संख्या वर्षवार बताये;

ग) पिछले 4 वर्षो में दिल्ली परिवहन निगम के लिए दिल्ली सरकार द्वारा खरीदी गई बसों की संख्या बताई जाए तथा पिछले 5 वर्षो में केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली परिवहन निगम को दी गई बसों की संख्या की जानकारी भी उपलब्ध कराये;

घ) पिछले 5 वर्षों में दिल्ली परिवहन निगम से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की संख्या तथा स्थाई भर्ती एवं अनुबंध आधार पर भर्ती किये गए कर्मचारियों की संख्या बताने का कष्ट करें;

ङ) दिल्ली परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को फ्री यात्रा करवाने पर प्रतिवर्ष कितना खर्च किया जाता है, वर्षवार उसकी जानकारी दें; और

च) डीटीसी की बसों में महिलाओं को फ्री यात्रा कराने का आधार क्या है?

**82. श्री विजेन्द्र गुप्ता** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) डीटीसी के बेड़े में डीटीसी की कुल कितनी बसें एवं कुल कितने चालक हैं;

ख) वर्ष 2025 तक डीटीसी के बेड़े में कुल कितनी बसें रह जाएंगी तथा डीटीसी की 10 वर्ष से अधिक पुरानी बसों की संख्या बताई जाए;

ग) क्या सरकार की पुरानी बसों के प्रतिस्थापन की कोई योजना है;

घ) यात्री सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा बसों का रख–रखाव कैसे किया जा रहा है, पूर्ण जानकारी दें;

ड.) कुल कितने बस चालकों को नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) में भेजा जा रहा है;

च) वहां भेजने के कारण क्या हैं और किन नियम–शर्तों के आधार पर भेजा जा रहा है, विस्तृत ब्यौरा दें;



छ) डीटीसी एवं कलस्टर बसों से पिछले 05 वर्षों में कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं तथा इन दुर्घटनाओं में कितने लोगों की मौत हुई है, विस्तृत ब्यौरा दें; और

ज) इन सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए परिवहन विभाग ने क्या कदम उठाए हैं?

**83. श्री भूपिंदर सिंह जून** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भरथल, बामनौली, धूलसिरस व शाहबाद मोहम्मदपुर गाँव दिल्ली परिवहन निगम के द्वारा नजफगढ़ व एम्स (AIIMS) के साथ जुड़े हुए हैं, यदि हाँ, तो रूट संख्या बताएँ;

ख) क्या नांगल देवत गाँव किसी भी रूट के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से जुड़ा हुआ है, यदि नहीं, तो क्या नांगल देवत गाँव तथा वसंत कुंज एन्क्लेव के लिए कोई नया रूट आरंभ किए जाने का प्रस्ताव है;

ग) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने बस रूट तथा बसें चल रही हैं;

घ) क्या बिजवासन पीडब्ल्यूडी फ्लाइओवर पर तथा भरथल, बामनौली, धूलसिरस, शाहबाद मोहम्मदपुर, रंगपुरी, नांगल देवत व महिपालपुर गाँवों में 'बस क्यू शेल्टर' बनाने का कोई प्रस्ताव है; और

ङ) क्या कोई ऐसा बस रूट है जो बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में सालापुर खेड़ा तथा ईसापुर को जोड़ता हो, यदि हाँ, तो जानकारी प्रदान करें।

84. श्री संजीव झा — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि स्थानीय विधायक द्वारा दिनांक 16.06.2022 को डीटीआईडीसी के सहायक महाप्रबन्धक को बुराड़ी विधानसभा में विधायक निधि से 2 नए बस स्टैंड बनाने का पत्र लिखा गया था;

ख) यदि हाँ, तो पिछले 1.5 साल के दौरान विभाग के द्वारा उस पर क्या कार्यवाही की गई, पूर्ण विवरण दें;

ग) क्षेत्रीय विधायक के द्वारा अनुरोध किये जाने के पश्चात डीटीआईडीसी के द्वारा नए बस स्टैंड का एस्टीमेट तैयार करने तथा टेंडर करने में कितना समय लगता है;

घ) क्या यह सत्य है कि बुराड़ी विधानसभा में लगने वाले इन दोनों बस स्टैंड का एस्टीमेट तैयार करने में डीटीआईडीसी ने आवश्यकता से अधिक समय लगाया है; और

ङ) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण है?

85. श्री अनिल कुमार बाजपेयी — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) कृपया डीटीसी बसों में आग लगने की घटनाओं की जांच के लिए गठित विभिन्न समितियों की अंतरिम और अंतिम दोनों रिपोर्टों की प्रति दें;

ख) कृपया बस संख्या और मार्ग के साथ आग की घटनाओं की तिथिवार सूची दें जहां पिछले 8 वर्षों के दौरान और आज तक डीटीसी बसों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं;



ग) कृपया उन डीटीसी बसों की सूची दें जो पिछले 8 वर्षों से अब तक यात्रा के दौरान किसी तकनिकी या किसी अन्य कारण से खराब हो गईं; और

घ) कृपया उन इलेक्ट्रिक बसों की सूची दें जो अब तक यात्रा के दौरान किसी तकनीकी या किसी अन्य कारण से खराब हो गईं?

86. श्री अजय महावर — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि यमुना विहार डिपो सिर्फ बसों के खड़े होने के लिए बसों का पार्किंग स्लोट बन कर रह गया;

ख) यदि हाँ, तो क्या यह भी सत्य है कि इन बसों का स्थानांतरण कर यमुना विहार बस डिपो पर एक शानदार मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण हो सकता है;

ग) यातायात कंजेशन के लिए सरकार की क्या योजना है और इन बसों का कब तक स्थानांतरण किया जायेगा; और

घ) पार्किंग प्रोब्लम देखते हुए मल्टी लेवल पार्किंग बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक द्वारा माननीय मंत्री जी से पत्र के माध्यम से किए गए आग्रह पर क्या कार्रवाई की गई है?

87. श्री राजेश ऋषि — परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में डीडीए बस शेल्टर खराब स्थिति में हैं, इन्हें कब तक ठीक किया जाएगा और इनकी मरम्मत कौन–सी एजेंसी करेगी;

ख) जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में पंखा रोड पर, उत्तम नगर बस टर्मिनल के पास बहुत अधिक क्लस्टर बसें व निजी बसें भी पार्क रहती हैं; इन बसों को यहाँ से हटवाने और नियत स्थानों पर पार्क करवाने के लिए विभाग क्या कदम उठा रहा है;

ग) निजी बसों को की पार्किंग के संबंध में लाइसेंस में क्या नियम निर्धारित हैं, इस संबंध में दोषी बस–परिचालकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है, इस संबंध में कितने चालान जारी किए गए हैं और उनसे कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है; और

घ) निजी वाहनों अर्थात व्यक्तिगत/निजी कारों व दुपहिया वाहनों के लिए क्या पार्किंग नीति है। पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए परिवहन विभाग क्या कदम उठाने जा रहा है?

**88. श्री राजेश गुप्ता — परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में मैट्रो फीडर बसें कब तक चला दी जायेंगी?

**89. श्रीमती राज कुमारी ढिल्लों — परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि हरी नगर घंटा घर पर डीटीसी की लम्बी–लम्बी बसों की पार्किंग की वजह से वहां भयंकर जाम रहता है; और

ख) यदि हाँ, तो इस जाम से निबटने के लिए किसी योजना पर काम चल रहा है?



**90. श्री ऋतुराज गोविन्द — ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) किराड़ी विधान सभा में हाई टेंशन तार किस–किस कॉलोनी से होकर आ रही है, इसकी पूर्ण जानकारी दें;

ख) क्या सरकार की इन तारों को हटाने की योजना है;

ग) यदि हाँ, तो ये कार्य कब तक पूरा कर लिया जायेगा; और

घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, पूर्ण जानकारी दें?

**91. श्री दुर्गेश पाठक — ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए आवश्यक एक्सपर्ट टेक्नीकल कमेटी (ईटीसी) के अनियमित सत्रों के कारण विधायक निधि के अंतर्गत मेरे द्वारा टीपीडीडीएल को दिया गया प्रस्ताव छह महीने से भी अधिक समय से लंबित है;

ख) ईटीसी के समक्ष लंबित कुल मामलों की अद्यतन स्थिति क्या है;

ग) क्या ऐसे कोई नियम हैं जिनके अंतर्गत ईटीसी के समक्ष मामलों की सुनवाई हेतु कोई समयावधि निर्धारित की गई हो, ताकि परियोजनाओं की समय पर स्वीकृति सुनिश्चित हो सके; और

घ) यदि नहीं, तो क्या ईटीसी के समक्ष लंबित पुराने मामलों की समस्या के समाधान हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन है?

92. श्री अभय वर्मा ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा–58 में माननीय मंत्रीजी के वक्तव्य के बाद भी अब तक तीन हजार घरों पर मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के तहत लाइटें नहीं लगाये जाने के क्या कारण हैं;

ख) तीन हजार लाइटों के लिये सरकार द्वारा बीएसईएस को अब तक फंड उपलब्ध नहीं करवाये जाने के क्या कारण हैं;

ग) बाकी बचे हुए लाइट लगाने के लिये फंड कब तक दिये जायेंगे;

घ) लक्ष्मी नगर विधानसभा–58 में बीएसईएस द्वारा सुलभ व समुचित बिजली देने के संदर्भ में वर्ष 2020, 2021, 2022 और 2023 में कितने रुपये खर्च किये गये; विस्तृत सूची दी जाए;

ङ) क्या 17 मीटर से कम ऊँचाई वाले मकानों में बिजली मीटर बिना किसी अनापत्ति–पत्र (एनसीओ) के लगाने की कोई योजना बनाई जा रही है;

च) यदि हाँ, तो क्या योजना है और यदि नहीं, तो योजना नहीं बनाये जाने के क्या कारण हैं;

छ) लक्ष्मी नगर विधानसभा में बिजली के खंभों पर लटके केबल तारों को हटाने के लिये कोई कानून या योजना बनाने का प्रस्ताव सरकार के पास है;

ज) यदि हाँ, तो क्या योजना है और नहीं तो योजना अब तक नहीं बनाये जाने के क्या कारण हैं;

झ) क्या सरकार की मुख्य सड़क मार्ग पर बड़े ट्रांसफार्मर की जगह छोटा ट्रांसफार्मर लगाने की कोई योजना है; और

ञ) यदि हाँ, तो विस्तृत जानकारी दें?



93. श्री मोहन सिंह बिष्ट ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) ऊर्जा विभाग द्वारा हाईटेंशन लाइनों को अंडरग्राउंड तथा स्थानांतरित करने की कोई योजना है;

ख) यदि हाँ, तो करावल नगर विधानसभा की कौन–कौन सी 11000 लाइनों को बदलने के लिये दिल्ली सरकार के पास फाइलें लंबित पड़ी है, उनका विवरण दें;

ग) क्या यह भी सत्य है कि सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों को ध्यान में रखते हुये बजट को रोका जा रहा है;

घ) यदि नहीं, तो करावल नगर विधानसभा क्षेत्र की फाइलों को स्वीकृति न देने के क्या कारण हैं;और

ङ) यदि नहीं तो, उपरोक्त के संदर्भ में कब तक इन फाइलों को स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी?

94. श्री भूपिंदर सिंह जून ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में बीएसईएस के समक्ष नए बिजली कनेक्शन व कनेक्शन में परिवर्तन हेतु कितने आवेदन लंबित हैं;

ख) बिजली के नए कनेक्शन व मीटर के नाम परिवर्तन के आवेदन कितने दिन में स्वीकार या अस्वीकार किए जाते हैं, क्या इस संबंध में कोई समयावधि निर्धारित है;

ग) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जेजे कैंप रंगपुरी पहाड़ी में 'पावर कट' की स्थिति क्या है;

घ) क्या दिल्ली में जेजे क्लस्टर्स में बिजली कनेक्शन प्रदान किए जाने के लिए कोई नीति/दिशा–निर्देश हैं; और

ङ) दिल्ली जल बोर्ड के बोरवेल्स के लिए बिजली कनेक्शन कितने दिन में प्रदान कर दिए जाते हैं, क्या इस संबंध में कोई समयावधि निर्धारित है?

**95. श्री संजीव झा** — **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में घरेलू तथा कॉमर्शियल मीटर कनेक्शन अब डीडीए की एनओसी (नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) के कारण रोके जा रहे हैं;

ख) यदि हाँ, तो किन कॉलोनियों में इन कनेक्शन को रोका गया है उसका विवरण खसरा, कॉलोनी का नाम और नक्शे सहित उपलब्ध करवाए;

ग) डीडीए के द्वारा कनेक्शन रोके जाने के क्या कारण हैं; और

घ) बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र के जोन 511, 414, 532, 503 और 505 में लगभग कितने कनेक्शन डीडीए की एनओसी के कारण पेंडिंग हैं, सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध करवाए?

**96. श्री प्रवीण कुमार** — **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) जंगपुरा विधान सभा क्षेत्र में कितने बिजली के मीटर एमसीडी द्वारा बुक्ड प्रॉपर्टी में लगे हुए है;

ख) उन सभी मीटर का उनके पते सहित पूर्ण विवरण दें;



ग) क्या एमसीडी द्वारा बुक्ड प्रॉपर्टी में बिजली के मीटर लगाए जा सकते है; और

घ) बुक्ड प्रॉपर्टी में बिजली के मीटर लगाने के क्या नियम हैं, पूर्ण विवरण दें?

**97. श्री ऋतुराज गोविन्द** — **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) किराडी विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने वृद्धावस्था पेंशनधारक हैं, पूर्ण विवरण दें;

ख) किराड़ी विधान सभा क्षेत्र में अभी तक कितने लोगों की आर्थिक सहायता/विकलांग पेंशन और विधवा पेंशन लगाई गई है, पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या सरकार की वृद्धावस्था पेंशन के नए आवेदन लेने की कोई योजना है; और

घ) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें?

**98. श्रीमती प्रीति जितेन्द्र तोमर** — **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) त्रिनगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने महिला एवं पुरूष वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन लाभार्थी हैं;

ख) सभी पेंशनधारियों के नाम, पते और टेलीफोन नंबर सहित पूर्ण जानकारी दें;

ग) क्या यह सत्य है कि कई–कई महीने तक पेंशनधारकों की पेंशन नहीं आती है; और

घ) त्रिनगर विधान सभा क्षेत्र में कितने पेंशनधारियों की पेंशन अभी रूकी हुई है?

**99. श्री विशेष रवि** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) स्थानीय विधायक द्वारा दी गयी शिकायत पत्र संख्या 124168, 124170 एवं 124171 पर क्या कार्यवाही की गयी है;

ख) यदि इस पर कार्यवाही नहीं की गयी तो कौन अधिकारी उसके लिये जिम्मेदार हैं; और

ग) इस शिकायत पर कब तक कार्यवाही की जायेगी?

**100. श्री राजेन्द्र पाल गौतम** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग पेंशन, ओल्ड ऐज पेंशन या वन टाईम फैमिली बेनिफिट स्कीम में कितने को पेंशन केन्द्र सरकार शेयर देते हैं, उसमें दिल्ली सरकार का कितना शेयर है और केन्द्र सरकार का कितना शेयर है;

ख) क्या यह सत्य है कि समाज कल्याण विभाग ने विभिन्न योजनाओं में अपना शेयर अब तक नहीं दिया है; और

ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं?

**101. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के अन्तर्गत हरिजन बस्तियों में चिन्हित जगह (EB) के अनुसार विकास कार्य किये जाते हैं;



ख) यदि हाँ, तो दिल्ली के अन्तर्गत कहां–कहां पर विकास कार्य किये जा रहे हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि उन चिन्हित बस्तियों में विकास कार्य करने के लिये समाज कल्याण विभाग को अलग से फंड की व्यवस्था की जाती है;

घ) यदि हाँ, तो 70 विधानसभाओं में किन–किन विधानसभाओं में इन फंड से कार्य किये गये हैं, पूर्ण विवरण दें;

ङ) क्या यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा फंड की उपलब्धता होने के बावजूद करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को रोका जा रहा है;

च) यदि हाँ, तो रोके जाने के क्या कारण हैं; और

छ) वहां विकास कार्य के लिये संबंधित विभागों ने जो फाइलें दी थीं उन्हें स्वीकृति कब तक प्रदान की दी जायेगी, समय–सीमा बतायें?

**102. श्री भूपिंदर सिंह जून** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन सहित सभी पेंशनधारकों की कुल संख्या क्या है;

ख) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में उक्त तीनों श्रेणियों के पेंशन लाभार्थियों में से कितने मामलों में पेंशन/एरियर का भुगतान नहीं हो सका है, और क्या विभाग ने क्षेत्र के जन–प्रतिनिधि को भुगतान न हो पाने के बारे में सूचित किया है;

ग) क्या पेंशन संबंधी कठिनाइयों के समाधान हेतु कटवारिया सराय व नजफगढ़ में वृद्धावस्था पेंशनधारकों के लिए कोई विशेष सुविधा प्रदान की गई है;

घ) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में विधवा तथा दिव्यांग पेंशन के कितने आवेदन विभाग में लंबित हैं; और

ङ) क्या भविष्य में वृद्धावस्था पेंशन को पुनः आरंभ किए जाने का कोई प्रस्ताव है?

**103. श्री पवन कुमार शर्मा समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि 1 जनवरी, 2020 से नई वृद्धावस्था पेंशन नहीं बन रही है;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) क्या सरकार का नई पेंशन बनाने का इस वर्ष कोई प्रस्ताव है;

घ) आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने पेंशनधारी (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग) हैं; और

ड.) आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 जनवरी, 2020 से अब तक कुल कितनी नई पेंशन (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग) बनाई गई और कुल कितनी पेंशन लंबित हैं?

**104. श्री अजय महावर समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) सातवीं विधानसभा में समाज कल्याण द्वारा अभी तक कितने बुजुर्गों की नई पेंशन बनायी गई;



ख) सरकार द्वारा नई पेंशन बनाने की शुरूआत कब होगी;

ग) पिछले नौ वर्षो में कितने वरिष्ठ नागरिकों का देहांत हुआ है और क्या उनके स्थान पर कोई नई पेंशन लगाई गई;

घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

ङ) इन खाली स्थानों को नई पेंशन से कब तक भरा जायेगा?

**105. सुश्री भावना गौड़ समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पालम विधान सभा क्षेत्र में वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का संपूर्ण विवरण दें;

ख) दिल्ली फैमिली बेनिफिट स्कीम के अन्तर्गत वर्ष 2013 से अब तक कितनी विधवाओं के पेंशन आर्थिक सहायता के रूप में मिल रही है, पूर्ण ब्यौरा दें;

ग) वर्ष 2013 से अब तक 20 हजार रूपए आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाली कितनी विधवा महिलायें हैं, पूर्ण ब्यौरा दें;

घ) क्या नयी वृद्धावस्था पेंशन चालू होने की कोई संभावना है;

ड.) यदि हाँ, तो कब से; और

च) वर्ष 2013 से अब तक पालम विधान सभा के कितनी वृद्धावस्था पेंशन काटी गयी है, पूर्ण विवरण दें?

**106. श्री महेन्द्र गोयल समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पिछले करीब 5 वर्षों से दिल्ली में बुजुर्ग पेंशन के नये आवेदन नहीं लिये जा रहे हैं;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और

ग) वृद्धावस्था पेंशन को कब तक शुरू करने की योजना है?

**107. श्रीमती प्रीति जितेन्द्र तोमर महिला एवं बाल विकास**

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल कितनी महिलाओं को विधवा पेंशन मिल रही है, सभी पेशंनधारियों के नाम, पते और टेलीफोन नम्बर सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या यह सत्य है कि कई–कई महीने तक पेंशनधारकों की पेंशन नहीं आती है; और

ग) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र में कितने पेंशनधारियों की पेशन अभी रूकी हुई है?

**108. श्री शिव चरण गोयल महिला एवं बाल विकास**

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मोती नगर विधान सभा में कुल कितनी आंगनवाड़ी केंद्र हैं, आंगनवाड़ी में कार्यरत सभी कर्मचारियों का नाम, पद, कार्य व मोबाइल नंबर सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए जो पोषाहार (नाश्ता) उपलब्ध करवाया जाता है, वह किस एजेंसी/केंद्र से मंगवाया जाता है, इसका पूरा विवरण दें;



ग) मोती नगर विधान सभा की आंगनवाड़ी केंद्र में कितने कर्मचारी स्थाई हैं और अस्थाई हैं, इसका सम्पूर्ण विवरण दें;

घ) आंगनवाड़ी केंद्र कितनी जनसंख्या पर खोला जा सकता है, आंगनवाड़ी केंद्र खोलने के लिए क्या मापदंड है;

ङ) आंगनवाड़ी केंद्र में सुपरवाइजर का क्या कार्य होता है यह किस प्रकार कार्य करते हैं;

च) आंगनवाड़ी में हेल्पर की नियुक्ति की क्या प्रक्रिया है और इन्हें कौन नियुक्त करता है;

छ) मोती नगर विधानसभा में आंगनवाड़ी केंद्रों पर कौन–कौन से प्रोजैक्ट वर्तमान समय में चल रहे हैं तथा भविष्य में कौन से प्रोजैक्ट आने वाले हैं, पूर्ण विवरण दें;

ज) आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषाहार नाश्ते का (मेनू चार्ट) जैसे किस दिन कौन–सा पोषाहार दिया जाता है, इसका पूर्ण विवरण दें;

झ) दिल्ली सरकार के अंदर कितनी आंगनवाड़ी आती हैं और कितनी आंगनवाड़ी किराये पर चल रही हैं, इसका पूर्ण विवरण दें; और

ञ) एक आंगनवाड़ी को दिल्ली सरकार द्वारा कितना किराया उपलब्ध करवाया जाता है, इसका पूर्ण विवरण दें?

**109. श्री अनिल कुमार बाजपेयी महिला एव बाल विकास**

क्या माननीय महिला एव बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 अप्रैल, 2015 से लेकर 31 मार्च, 2020 तक और फिर 1 अप्रैल, 2020 से लेकर 31 अक्तूबर, 2023

तक महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा कितनी महिलाओं को विधवा पेंशन और लड़कियों की शादी के लिये पेंशन/एकमुश्त सहायता राशि जारी की गई अलग–अलग योजनानुसार वर्षवार पूरी जानकारी प्रदान करें; और

ख) कृपया उपरोक्त जानकारी गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र के अतिरिक्त दिल्ली की अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों के संदर्भ में भी प्रदान करें?

110. श्री महेन्द्र गोयल — महिला एवं बाल विकास

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि विधवा पेंशन के भुगतान को समय–समय पर रोक दिया जाता है;

ख) विभाग द्वारा विधवा महिलाओं को दी जाने वाली सभी योजनाओं की जानकारी दी जाये;

ग) रिठाला विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2015 से वर्तमान समय तक कुल कितनी महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गयी, नाम, टेलीफोन नं., पते सहित पूर्ण विवरण दिया जाये; और

घ) क्या कोई महिला जो किसी अन्य राज्य से है और उसका विवाह दिल्ली के नागरिक से हो जाता है और दुर्भाग्यवश वह पांच वर्ष से पहले विधवा हो जाती है तो उसके दिल्ली में निवास का पांच वर्ष दिल्ली में रहने का प्रमाण के तौर पर क्या दस्तावेज लगाया जा सकता है, पूर्ण जानकारी दें?

111. श्री दुर्गेश पाठक — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत के.एस. मार्ग, देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, शंकर रोड, गिरधारी लाल गोस्वामी मार्ग



और पूसा रोड पर सौंदर्यीकरण की अथवा 'स्ट्रीटस्केपिंग' परियोजना में सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता है;

ख) क्या उक्त मार्गों को स्ट्रीटस्केपिंग परियोजना' में सम्मिलित किया गया है; और

ग) यदि नहीं, तो इन मार्गों के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के बनाए जाने व उसे स्वीकृत किए जाने की संभावना कब तक है?

112. श्री दुर्गेश पाठक — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग के 'स्ट्रीट स्केपिंग डिवीजन' द्वारा नारायणा फ्लाइओवर के नीचे एक खेल–परिसर बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है; और

ख) इस प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु क्या प्रक्रिया है और इसके क्रियान्वयन हेतु अनुमानित समयावधि क्या है?

113. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के पिछले 3 सालों में नई रोड़, पटरी, पार्क, नाले और डिवाइडर के लिये कितनी–कितनी राशि आवंटित हुई;

ख) उपरोक्त सभी कार्यों में कौन–कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कौन–कौन से कार्य अभी बाकी हैं और किन–किन को इनका टेंडर दिया गया, सभी ठेकेदारों का पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें;

ग) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी के सिविल विभाग में कितनी मेंटेनेंस गाड़ी चल रही हैं, किस ठेकेदार को आवंटन किया गया है, इनमें कितने कर्मचारी कार्यरत हैं, सभी कर्मचारियों की पूर्ण जानकारी पीएफईएसआई एकांउट के साथ उपलब्ध करायें;

घ) मॉडल टाउन विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के हार्टिकल्चर के डिविजन में कितनी गाड़ी चलती है, कितने कर्मचारी इसमें संलग्न है, सभी कर्मचारियों की पूर्ण जानकारी पीएफईएसआई एकांउट के साथ उपलब्ध करायें;

ङ) पिछले 4 सालों में कितने पौधे विभाग के द्वारा लगाये गये हैं पौधों को पानी देने की क्या व्यवस्था है और पानी देने की कौन–सी एजेंसी आवंटित हैं और इन पौधों को आवारा पशुओं से बचाने हेतु कौन–कौन से उपाय किये गये है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं; और

च) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में कितनी हाई मास्क लाईटें हैं, किन–किन स्थानों पर हैं, कितनी अभी लगाई जानी बाकी है, पिछले 3 सालों में इस विधानसभा में उपयुक्त स्थानों पर लाइटें लगाने के लिये कितनी राशि आवंटित की गई है या की जानी है इसकी जानकारी उपलब्ध करायें?

114. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में कितने एवं द्वितीय चरण में कितने कैमरे लगाये गये, उनमें से कितने चालू हैं, पूर्ण ब्यौरा उपलब्ध करायें तथा जहां–जहां लगे हैं उनका नाम, पता, मोबाईल नंबर, बॉक्स नंबर सहित पूर्ण जानकारी दें;

ख) प्रथम चरण में कैमरों के रख–रखाव के लिये मॉडल टाउन विधान सभा में कौन–कौन से कर्मचारी नियुक्त हैं एवं द्वितीय चरण में कौन–कौन से कर्मचारी नियुक्त हैं, नाम, पता, मोबाईल नंबर, ईएसआईसी पेरोल सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें;

ग) प्रथम चरण में कितने एवं द्वितीय चरण में कितने कैमरे बंद पड़े हैं, बंद होने के क्या कारण हैं और इनको कब तक चालू कर दिया जायेगा तथा जो कैमरे बंद हैं उनका नाम, पता, मोबाईल नंबर, बॉक्स नंबर सहित पूर्ण जानकारी दें;

घ) क्या स्थानीय निवासियों के लिये इन कैमरों के रख–रखाव एवं पूर्ण संचालन के लिये किसी समस्या का निवारण करने हेतु कोई विभागीय टोल फ्री या मोबाईल नंबर आवंटित किया गया है;

ड.) यदि हाँ, तो उसका विवरण प्रस्तुत करें तथा साथ ही बतायें कि मॉडल टाउन विधान सभा से कितनी शिकायतें उन नंबरों पर प्राप्त हुई हैं;

च) क्या यह सत्य है कि प्रत्येक विधान सभा में प्रत्येक चरण में दो हजार कैमरे लगाए जाने प्रस्तावित थे; और

छ) यदि हाँ, तो मॉडल टाउन विधान सभा में कम कैमरे लगाये जाने के क्या कारण हैं तथा बाकी बचे कैमरे कब तक लगा दिये जायेंगे?

115. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या ये सत्य है कि मॉडल टाउन विधान सभा में लोक निर्माण विभाग के दो पार्क, नागिया पार्क एवं बाल्मीकि पार्क हैं;

ख) यदि हाँ, तो सिविल का कौन–सा डिवीजन, हार्टिकल्चर का कौन–सा डिवीजन एवं विद्युत का कौन–सा डिवीजन इन पार्कों का रख–रखाव करता है एवं दिल्ली पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत कौन–कौन से पार्क किस–किस डिवीजन के पास हैं, विधानसभावार पूर्ण जानकारी दें;

ग) इन पार्कों में सफाई के लिए कौन–कौन से कर्मचारी कार्यरत हैं, नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईएसआइसी पेरोल सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें;

घ) वर्ष 2015 से अब तक इन पार्कों के सौन्दर्यीकरण एवं रख–रखाव के लिए सिविल विभाग, हार्टिकल्चर विभाग एवं विद्युत विभाग द्वारा कौन–कौन से कार्य किये गए, किस एजेंसी के माध्यम से किये गये एवं उनकी क्या लागत थी, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

ङ) इन पार्कों के सौन्दर्यीकरण के लिए आगे कौन–कौन से कार्य सिविल विभाग, हार्टिकल्चर विभाग एवं विद्युत विभाग द्वारा होने प्रस्तावित हैं और ये कब तक प्रारंभ कर दिये जायेंगे;

च) इन पार्कों के रख–रखाव के लिए क्या कोई गार्ड नियुक्त है;



छ) अगर है तो किस कंपनी के माध्यम से है और कौन–कौन से गार्ड हैं, नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईएसआईसी पेरोल सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं; और

ज) एसी–18 में लोक निर्माण विभाग के कितने फुटओवर ब्रिज या अंडरपास हैं और इन पर कितने कर्मचारी कार्यरत हैं, नाम, पता मोबाईल नंबर, ईएसआईसी पीएफ सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें?

116. श्री शिव चरण गोयल — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मोती नगर विधान सभा में पीडब्ल्यूडी विभाग में सिविल, इलैक्ट्रिकल व हॉर्टिकल्चर में कितने ऑफिस में और कितने ग्राउंड में स्थायी वर्कर हैं और कितने वर्कर ऑफिस में और कितने ग्राउंड में अस्थायी हैं, इसका पूरा ब्यौरा दें;

ख) मोती नगर विधान सभा पीडब्ल्यूडी विभाग में कितनी गाड़ियां स्थायी हैं तथा कितनी गाड़ियां अस्थायी हैं, इसका पूर्ण ब्यौरा दें;

ग) मोती नगर विधान सभा में पीडब्ल्यूडी विभाग में वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2023 तक जितने भी कार्य डेवलपमेंट के हुए उसका पूरा ब्यौरा दें; और

घ) मोती नगर विधान सभा में लोक निर्माण विभाग में 2023–2024 में जितने भी कार्य किए गए व जितने भी कार्य प्रोग्रेस में चल रहे हैं और जितने कार्य वर्ष 2024 में होने वाले हैं उसका पूर्ण विवरण दें?

117. श्री रामवीर सिंह विधूड़ी लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार ने केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान यानी सीआरआरआई से दिल्ली की सड़कों के बारे में अध्ययन कराया है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि इस संस्थान ने दिल्ली की 80 फीसदी सड़कों की हालत खस्ता बताई है;

ग) पिछले 9 वर्षों में सरकार ने राजधानी की कितनी सड़कों की रि–सरफेसिंग कराई है;

घ) यदि सरकार ने रि–सरफेसिंग नहीं कराई तो इसके क्या कारण हैं; और

ड.) यदि कराई हैं तो फिर इस रिपोर्ट में 80 प्रतिशत सड़कों की हालत खराब बताये जाने के क्या कारण हैं?

118. श्री जितेन्द्र महाजन लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) रोहताश नगर विधानसभा के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले 4 वर्षो में विभाग द्वारा सिविल तथा इलैक्ट्रिकल के कितने कार्य किये गए, जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

ख) लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले 4 वर्षो में सिविल तथा इलैक्ट्रिक्ल से सम्बन्धित रख–रखाव की जितनी भी निविदाएं निकाली गई है, इनके वर्क आर्डर एवं शेड्यूल की कॉपी उपलब्ध करवाई जाए;



ग) इन निविदाओं के अर्न्तगत किये गए कार्य में किये गए भुगतान की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

घ) निविदाओं के नियम एवं शर्तो के अनुरूप कार्य न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

ङ) पिछले 4 वर्षों में लोक निर्माण विभाग (विद्युत) द्वारा पम्प हाउसों के रख–रखाव के लिए सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा रखे गए कर्मचारियों के नाम, पता, फोन नम्बर, बैंक अकाउंट नम्बर, ईएसआई तथा प्रोविडेंट फंड नम्बर की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए; और

च) जिन ठेकेदारों ने कर्मचारियों के खातों में ईएसआई और पीएफ नहीं जमा करवाया है, उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई, पूर्ण जानकारी दें?

119. श्री विजेन्द्र गुप्ता लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली के किस–किस विधानसभा क्षेत्र को कितने–कितने सीसीटीवी कैमरे आवंटित किये गये हैं और कितने सीसीटीवी कैमरे अब तक लगाये जा चुके हैं, प्रत्येक विधानसभावार और वर्षवार अनुसार इसकी जानकारी देने का कष्ट करें;

ख) किस–किस विधानसभा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य पूरा कर लिया जा चुका है;

ग) रोहिणी विधानसभा क्षेत्र को कितने सीसीटीवी कैमरे आवंटित किये गये हैं और अब तक कितने सीसीटीवी कैमरे लगाये जा

चुके हैं और शेष कैमरे लगाने का काम कब तक पूरा कर लिया जायेगा; और

घ) रोहिणी विधानसभा क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे आवंटित करने में देरी व उसके साथ भेदभाव बरतने के क्या कारण हैं?

120. श्री ओम प्रकाश शर्मा — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरी दिल्ली में फ्री वाई–फाई योजना के लिए कितने पांइट्स तय हुए थे व उनमें से कितने स्थानों पर फ्री वाई–फाई की सुविधा फंक्शनल हैं;

ख) पूरी दिल्ली के किस–किस विधानसभा क्षेत्र में कितने–कितने सीसीटीवी कैमरे लगाये गए, विधानसभावार व वर्षवार विवरण दें;

ग) सबसे अधिक सीसीटीवी किस विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम किस विधानसभा क्षेत्र में लगाये गए; और

घ) विश्वासनगर विधानसभा क्षेत्र में कब तक और कितने सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रावधान है और ये कार्य कब तक पूरा हो जायेगा?

121. श्री प्रवीण कुमार — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) जंगपुरा विधान सभा के निजामुद्दीन एरिया में पीडब्ल्यूडी द्वारा कितने एस्कलेटर एवं लिफ्ट लगाई गयी हैं तथा रख–रखाव करने वाले संबंधित अधिकारियों के नाम, पद एवं फोन नंबर सहित पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें;



ख) निजामुद्दीन एरिया में कितनी लिफ्ट एवं कितने एस्कलेटर खराब हैं उनकी सूची पते के साथ उपलब्ध कराई जाये;

ग) जंगपुरा विधान सभा में जो भी लिफ्ट एवं एस्कलेटर लगे हैं उनके रख–रखाव का क्या नियम है, कितने दिनों में सर्विस की जाती है, कितने दिनों में उनको ठीक किया जाता है, अगर वह बहुत लंबे समय तक खराब पड़े रहते हैं तो किन संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है;

घ) जंगपुरा विधान सभा में जो लिफ्ट एवं एस्कलेटर काफी समय से खराब पड़े हैं और ठीक नहीं हुए हैं उसके लिये दोषी कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है, पूर्ण विवरण दें;

ड.) पीडब्ल्यूडी विभाग ने निजामुद्दीन विधान सभा में जी–20 के लिये कितने पौधे लगाये थे तथा कहां–कहां लगाये थे उनकी वारंटी क्या थी एवं उन पौधों की आज क्या स्थिति है; और

च) यदि उनमें से कुछ पौधे खराब हो गये थे तो उसके क्या कारण हैं एवं इसके लिये दोषी कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है, पूर्ण विवरण दें?

122. श्री प्रवीण कुमार — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) निजामुद्दीन सब–वे के अंदर कितनी दुकान पीडब्ल्यूडी ने बनाई हैं;

ख) इन दुकानों का किराया कितना आता है तथा कितनी दुकानें खाली हैं;

ग) दुकान अलॉट करने के लिये क्या नियम हैं; और

घ) उसकी नियमावली की कॉपी एवं सभी अलॉट दुकानदारों की सूची नाम, पते और नंबर के साथ उपलब्ध करायें?

**123. श्री अनिल कुमार बाजपेयी — लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 अप्रैल, 2015 से लेकर 31 मार्च, 2020 तक और 1 अप्रैल, 2020 से लेकर 31 अक्टूबर 2023 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कौन–कौन सी सड़क बनाने की योजना बनाई गई; और

ख) इनमें से कौन–कौन सी सड़क बना दी गई और कौन–कौन सी सड़क बनाने की योजना अभी तक लंबित है, इन सारे कार्यों के टेंडर और वर्क आर्डर की कॉपी सहित पूर्ण विवरण दें?

**124. श्री पवन कुमार शर्मा — लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत आने वाली कितनी सड़कों का पुनः निर्माण व रिपेयरिंग कार्य अभी लंबित है;

ख) उक्त कार्य कब तक पूर्ण होने की संभावना है;

ग) 01.01.2020 से आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली कितनी सड़कों का निर्माण कराया गया, वर्क ऑर्डर सहित विवरण दें;



घ) वर्ष 2023 में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में पीडब्लुडी के जिन–जिन नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो गया उनका वर्क ऑर्डर व कार्य करने वाले ठेकेदार सहित संपूर्ण विवरण दें;

ङ) क्या मुकरबा चौक से जहाँगीरपुरी मेट्रो स्टेशन तक नाले का पुनः निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैं;

च) यदि हाँ, तो वर्क ऑर्डर व कार्य करने वाले ठेकेदार का विवरण दीजिए;

छ) यदि नहीं, तो किन कारणों से उपरोक्त कार्य पूरा नहीं हुआ और इसके कब तक पूर्ण होने की संभावना है;

ज) आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कौन–कौन सी सड़कों पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण है, संपूर्ण विवरण दीजिए; और

झ) अतिक्रमण हटाने के लिए विभाग द्वारा क्या आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं एवं किन–किन अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने संबंधी कार्य दिये गये हैं, उनका नाम, पद और संपर्क नंबर सहित पूर्ण विवरण दीजिए?

**125. श्री अजय महावर — लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में वर्ष 2015 से अब तक कितने वाई–फाई लगाये गये और वर्तमान में कितने वाई–फाई कहाँ–कहाँ चल रहे हैं, विधानसभावार सूची प्रदान करें;

ख) दिल्ली में वर्ष 2015 से अब तक कितने कैमरे लगाये गये और कहाँ–कहाँ लगाये गये, विधानसभावार सूची प्रदान करें;

ग) घोंडा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सड़क पुर्ननिर्माण योजना के तहत लाइटें कब तक मुहैया करायी जाएंगी;

घ) घोंडा विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कें कब–कब बनी थीं, उसकी सूची प्रदान करें; और

ङ) लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कें जिसे बने हुए 5 वर्ष पूर्ण नहीं हुए हों और हालत जर्जर और टूटी हुई स्थिति में हो जाए तो उसे बनाने के लिए सरकार की क्या योजना है, कृपया जानकारी दें?

**126. श्री जय भगवान उपकार — लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बवाना विधान सभा में प्रस्तावित बवाना फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य कब तक शुरू होगा, कृपया जानकारी दें?

**127. श्री राजेश ऋषि — लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) उत्तम नगर टी पॉइंट से बाबा पीर बाज़ार नांगल राय तक पंखा रोड पर 'एलीवेटेड रोड' बनाए जाने की क्या योजना है;

ख) पी.डब्ल्यू.डी. (हॉर्टीकल्चर) पर 'ट्री ऑफिसर व डीसीएफ (एन)' नॉर्थ फारेस्ट डिवीजन द्वारा आदेश संख्या F.71/DCF(N)/Tree Offence/2021-22/4333 दिनांक 17 मार्च 2022 के तहत लगाए गए अर्थदंड की क्या स्थिति है;

ग) दोषी अधिकारियों से इस अर्थदंड को वसूल करने का क्या प्रस्ताव है;



घ) पंखा रोड (आईडी1155) को PWD SWR-ii DIVISION, New Delhi को हस्तांतरित किए जाने के संबंध पत्राचार की सभी प्रतियाँ उपलब्ध कराएँ;

ङ) उक्त हस्तांतरित किए जाने वाले रोड के इस भाग पर हस्तांतरण से ठीक पहले तक जो कार्य पूरे कर लिए गए हैं, उनकी सूची उपलब्ध कराएँ;

च) हस्तांतरण के ठीक बाद रोड के इस भाग पर पूरे किए गए कार्यों के वर्कऑर्डर्स की सूची उपलब्ध कराएँ;

छ) उक्त कार्यों को जिन ठेकेदारों द्वारा किया गया है उनके नाम व संपर्क विवरण तथा लोक निर्माण विभाग में उनकी लिस्टिंग व रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र का विवरण प्रदान करें;

ज) उक्त कार्यों का 'थर्डपार्टी' निरीक्षण की रिपोर्ट व 'कंप्लीशन सर्टिफिकेट' की प्रति उपलब्ध कराएँ;

झ) उक्त कार्यों के लिए जारी किए गए प्रत्येक भुगतान का विवरण प्रदान करें;

ञ) पंखा रोड 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' की चौड़ाई किन परिस्थितियों में और किसके आदेश से पंखा रोड काली मंदिर से डाबरी रोड की चौडाई बढ़ाने हेतु कम की गई, कृपया जानकारी दें; और

ट) मेरे द्वारा दिए गए पत्र 1327ए दिनांक 21.07.2023, 1370 दिनांक 05.06.23, 1267 दिनांक 02.06.23 में उल्लेखित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है?

**128. श्रीमती बंदना कुमारी** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि शालीमार बाग विधान सभा क्षेत्र में एक डबल रोड का निर्माण कार्य बहुत वर्षों से लंबित पड़ा है;

ख) यदि हाँ, तो इसके विलंब के क्या कारण हैं;

ग) ये कार्य कब तक आरंभ हो जायेगा और कब तक इसे पूरा किया जायेगा;

घ) क्या यह सत्य है कि इस डबल रोड को आउटर रिंग रोड से जोड़ने की कोई योजना है, निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

ड.) यदि हाँ, तो ये कार्य कब तक आरंभ हो जायेगा और कब तक इसे पूरा किया जायेगा व उपरोक्त कार्य के विलंब होने के क्या कारण हैं;

च) क्या यह भी सत्य है कि उपरोक्त डबल रोड के दूसरे छोर पर शालीमार गांव चौक पर एक गोलचक्कर का निर्माण कार्य एडवांस स्टेज पर पहुंच कर भी लंबित पड़ा हुआ है;

छ) यदि हाँ, तो ये कार्य कब आरंभ होगा और कितने समय में पूरा कर लिया जायेगा;

ज) उपरोक्त कार्य के विलंब होने के क्या कारण हैं;

झ) हैदरपुर क्षेत्र में नहर के ऊपर आरडी 55035 पर एक पुल के पुर्ननिर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; और



ञ) पीडब्ल्यूडी विभाग के इस कार्य को करवाने हेतु क्या प्रयास किये गए हैं?

**129. श्री राजेश गुप्ता** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि फुटपाथों पर अतिक्रमण दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है;

ख) यदि हाँ, तो यह अतिक्रमण वैध है या अवैध, संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

ग) क्या यह भी सत्य है कि लोक निर्माण विभाग के नालों के ऊपर अतिक्रमण फैलता जा रहा है जिससे भविष्य में क्या दिक्कतें होंगी;

घ) यदि यह अतिक्रमण वैध है तो इसके साक्ष्य उपलब्ध करवाए जाएं;

ड.) वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पेड़ों की कटाई–छटाई का कार्य कब–कब किया जाता है;

च) क्या इनकी कटाई–छटाई से पूर्व क्षेत्र के विधायक कार्यालय को अवगत कराया जाता है तथा उसकी लोकेशन बताई जाती है, संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं; और

छ) उपरोक्त कार्य के लिए कितने कर्मचारी कार्यरत हैं उनका नाम, पता और मोबाईल नंबर सहित पूर्ण विवरण दें?

130. श्री राजेश गुप्ता — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में एमसीडी की लाइट्स लगभग 08 वर्षों से बंद पड़ी हैं जिसका पैसा एमसीडी नहीं भर रही थी;

ख) यदि हाँ, तो इसका पैसा सरकार देगी या फिर विधायक फंड से लिया जा सकता है, जानकारी उपलब्ध करवायें;

ग) जे0जे0 कॉलोनी में टीपीडीडीएल लाइट्स यह कह कर चालू नहीं कर रही है कि बेड स्विच है तो यह लाइट्स कैसे सही होगी, जानकारी उपलब्ध करवायें;

घ) माननीय मुख्यमंत्री जी के निगम में आम आदमी की सरकार के बिजली का बिल भरने के आदेश के बाद इन लाइट्स की क्या स्थिति है; और

ङ) क्या सारी लाइट्स चालू हो गई हैं?

131. श्री जरनैल सिंह — लोक निर्माण

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) तिलक नगर विधान सभा क्षेत्र में पड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़कों का पूरा ब्यौरा दिया जाए, जिसमें इन सड़कों की मूल चौड़ाई, उपलब्ध वर्तमान चौड़ाई, लोक निर्माण विभाग को सड़क सौंपने के समय सड़क की चौड़ाई का उल्लेख हो;

ख) इन सड़कों पर अवैध कब्जा मुक्त पैदल पथ, जल–मल निकासी, उपयुक्त दूरी पर लगे बैंच, मध्यवर्ती पट्टी, ग्रिल व भू–दृश्य निर्माण की उपलब्धता करने का पूरा ब्यौरा दिया जाए;



ग) वर्ष 2015 से अब तक विभाग द्वारा तिलकनगर विधान सभा क्षेत्र में करवाये गए सभी कामों का विस्तृत विवरण दिया जाए; और

घ) तिलक नगर विधान सभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों के कुल कितने कार्य प्रक्रिया में है, उसकी विस्तृत जानकारी व लम्बे समय से उनके रूके होने का कारण बताया जाए?

132. श्री ऋतुराज गोविंद — स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किराड़ी विधानसभा में वर्ष 2020 में अवार्ड किये गये किराड़ी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को अभी तक नहीं बनाये जाने के क्या कारण हैं;

ख) इस अस्पताल को बनाने की सरकार की क्या योजना है, पूर्ण विवरण दें;

ग) किराड़ी विधानसभा में कुल कितने मोहल्ला क्लीनिक हैं और इस मोहल्ला क्लीनिक में क्या–क्या सुविधायें मिलती हैं, विस्तारपूर्वक जानकारी दें; और

घ) किराड़ी विधानसभा में और कितने नये मोहल्ला क्लीनिक खोलने की योजना है, इसकी पूर्ण जानकारी दें?

133. श्री दुर्गेश पाठक — स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि मोहल्ला क्लीनिकों के लिए पोर्टा केबिन के आयामों और उनके आकार को लेकर बनाए गए कड़े नियमों के

कारण दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों के निर्माण में बाधाएँ आ रही हैं;

ख) क्या यह उचित नहीं होगा कि स्थान की कमी को देखते हुए इंजीनियरों को ज़मीनी वास्तविकताओं के अनुरूप नियमों में कुछ लचीलापन अपनाने की अनुमति दी जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित हो सके; और

ग) क्या इस गंभीर समस्या के निदान हेतु कोई प्रावधान मौजूद हैं अथवा इस संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन है?

134. श्री अभय वर्मा स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा में मंडावली स्थित पॉलीक्लीनिक कब तक बन जाएगा और उपरोक्त पॉलीक्लीनिक पर कितना बजट खर्च होगा एवं उपरोक्त पॉलीक्लीनिक किस सरकारी विभाग द्वारा निर्मित किया जा रहा है व निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों का नाम और सम्पर्क सूत्र (मोबाइल नम्बर) का विस्तृत विवरण दें;

ख) उपरोक्त पॉलीक्लीनिक बनाने में विलम्ब होने का क्या कारण है और कौन–सा विभाग व अधिकारी उपरोक्त को विलम्ब करने के दोषी है;

ग) साउथ गणेश नगर के मोहल्ला क्लीनिक को रमेश पार्क में स्थानांतरित करने के उपरांत साउथ गणेश नगर क्षेत्र में नया मोहल्ला क्लीनिक नहीं बनाये जाने के क्या कारण हैं, विस्तार से जानकारी दें;



घ) लक्ष्मी नगर विधान सभा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फरवरी, 2020 से लेकर 28 फरवरी, 2023 तक कितने रुपए का बजट यहां के विकास के लिए खर्च किया गया है, पूर्ण विवरण के साथ जानकारी दें;

ङ) क्या लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई बिस्तरों वाला छोटा अस्पताल बनाने की योजना लंबित है; और

च) यदि हाँ, तो इसकी जानकारी दी जाए?

135. श्री शिव चरण गोयल स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मोती नगर विधान सभा में आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में कितने सीनियर डॉक्टर हैं जो अलग–अलग मेडिकल डिपार्टमेंट संभालते हैं उनका विस्तृत ब्यौरा दें;

ख) आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में कितने सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर हैं, वह किस–किस डिपार्टमेंट में काम करते हैं, उनका ब्यौरा दें;

ग) आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में जितने भी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर हैं, वह कौन–कौन से डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं, उनका पूरा ब्यौरा दें;

घ) मोती नगर विधान सभा में हॉस्पिटल के मेडिकल में जितना भी स्थायी स्टाफ है वह किसी भी डिपार्टमेंट में नियुक्त हो उसका पूरा ब्यौरा दें;

ङ) आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में कितने सिक्योरिटी गार्ड नियुक्त किये गए हैं उनका पूरा ब्यौरा दें;

च) नर्सिंग ऑफिसर में कितना स्टाफ नियुक्त होता हैं तथा जितने भी ऑफिसर की भर्ती होती है उनका पूरा ब्यौरा दें;

छ) आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में कितने सफाई कर्मचारी नियुक्त किये जाते हैं उनका पूरा ब्यौरा दें; और

ज) आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में जितने भी डाटा ऑपरेटर जो ओपीडी स्लीप बनाते हैं तथा जितने भी कर्मचारी नियुक्त किये जाते हैं उनका ब्यौरा दें?

**136. श्री राजेन्द्र पाल गौतम् — स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट व राजीव गांधी सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में पैथ लैब लगभग बंद पड़े हैं और अपनी स्ट्रेंथ के हिसाब से कार्य नहीं कर रहे हैं;

ख) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं;

ग) क्या यह सत्य है कि उपरोक्त दोनों अस्पतालों में स्टाफ की भर्ती पूरी नहीं होने की वजह से व पैथ लैब में स्थापित मशीनों की समय पर मैंटेनेंस नहीं हो पाने की वजह से यह लैब अपनी क्षमता अनुरूप कार्य नहीं कर पा रही है;

घ) उपरोक्त दोनों अस्पतालों में स्टाफ की भर्ती कब तक पूरी हो जाएगी और एएमसी की पेमेंट कब तक हो जाएगी;

ड.) क्या यह सत्य है कि दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, राजीव गांधी हास्पिटल, गुरु तेग बहादुर हास्पिटल, उपरोक्त हॉस्पिटलों में ठेकेदारी के तहत काम करने वाले एन ओ, एम. टी. एस., सिक्योरिटी गार्ड व सफाई कर्मचारियों आदि को न तो समय पर सैलरी मिलती है और न ही ठेकेदार उनको पूरी तनख्वाह देती है तथा पी एफ, ई एस आई का पैसा भी जमा नहीं करते;



च) कृपया हॉस्पिटल में सभी ठेकेदारों के यहां काम करने वाले कर्मचारियों का ई एस आई, पी एफ सहित पूर्ण डाटा उपलब्ध करवाया जाए;

छ) क्या इन ठेकेदारों की बजाए आईसीएसआईएल के तहत भर्ती किए जाने का कोई प्रावधान है ताकि इन मजदूरों को शोषण से बचाया जा सके; और

झ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

**137. श्री राजेन्द्र पाल गौतम् — स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों सहित विभिन्न विभागों में ठेकेदारों के तहत काम कर रहे सिक्योरिटी गार्ड, एमटीएस, जिसमें एनओ, सफाई कर्मचारी सहित आदि की पीएफ और ईएसआई ज्यादातर वर्कर्स का फंड जमा नहीं कराते;

ख) क्या उनके पीएफ, ईएसआई का रेगुलर रिकार्ड लेकर लेबर विभाग वेरिफिकेशन करता हैं;

ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

घ) क्या विभाग की इन रेगुलर वेरिफिकेशन करने या करवाने की कोई योजना है; और

ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**138. श्री ओम प्रकाश शर्मा — स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कितनी ऐसी मशीनें व उपकरण हैं जो पिछले 6 महीने से अधिक से खराब पड़ें हैं;

ख) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में खराब पड़े मशीनों/उपकरण से जुड़ी जानकारी हाल फिलहाल में विभाग को कब प्राप्त हुई;

ग) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं/इन्जेक्शन के खरीदने से जुड़े अधिकारों में कब–कब व क्या–क्या परिवर्तन हुए विस्तृत जानकारी प्रदान करें;

घ) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं/इंजेक्शन के खरीदने से जुड़े अधिकारों में हुए परिवर्तन से इनकी उपलब्धता में हुई समस्या के बारे में कब–कब विभाग को सूचित किया गया, विस्तृत जानकारी प्रदान करें;

ङ) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं/इंजेक्शन/मशीनों/उपकरण के खरीदने से जुड़े अधिकारों में हुए परिवर्तन के कारण किस अस्पताल ने कितनी राशि की इमरजेंसी खरीददारी की व यह कितनी राशि के थे, किस दवा स्टोर से खरीददारी हुई, विस्तृत जानकारी प्रदान करें;

च) दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में जरूरी दवाओं की लिस्ट में से कितनी दवाएं 6 महीने से अधिक से उपलब्ध नहीं है;

छ) दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में कितने ऑपरेशन थिएटर हैं व उनमें से कितने फंक्शनल नहीं हैं;

ज) दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में कितने ब्लड यूनिट इस्तेमाल नहीं होने के कारण बर्बाद हुए; और

झ) दिल्ली सरकार के कितने अस्पतालों में रोगी समिति का गठन हुआ हैं व उनकी बैठक कब–कब हुई हैं, विस्तृत जानकारी दें?



**139. श्री संजीव झा** स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में कितने नए मोहल्ला क्लीनिक बनाये जाने प्रस्तावित हैं, पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या इन मोहल्ला क्लीनिक के लिए जमीन चिन्हित की जा चुकी है; और

ग) इन मोहल्ला क्लीनिक को बनाये जाने में हुए देरी का कारण क्या है?

**140. श्री पवन कुमार शर्मा** स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि आजादपुर गांव में बुद्ध मंदिर के पास किराये के भवन में जो मोहल्ला क्लीनिक चल रहा था वो अब बंद है;

ख) यदि हाँ, तो उसे बंद करने के क्या कारण हैं;

ग) क्या इस मोहल्ला क्लीनिक को आजादपुर गांव में कहीं आस–पास स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव है; और

घ) यदि हाँ, तो इसे कब तक स्थानांतरित किया जाएगा और कब तक यह मोहल्ला क्लीनिक पुनः चालू हो जाएगा?

**141. श्री अजय महावर** स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में कितने डॉक्टरों को स्वीकृत पद प्रदान किये गए हैं, विभागों व अस्पतालवार सूची प्रदान करें;

ख) दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में कितने डॉक्टर स्थायी हैं और कितने संविदा पर हैं, अस्पतालवार सूची प्रदान करें;

ग) दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में कितने (एमओ, स्पेशलिस्ट, एसआर, जेआर) डॉक्टर हैं, विभागों व अस्पतालवार सूची प्रदान करें;

घ) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कितनी ऐसी मशीनें व उपकरण हैं जो पिछले 6 महीने से अधिक से खराब पड़ी हैं, सूची प्रदान करें;

ङ) दिल्ली सरकार के अस्पतालों में जरूरी दवाओं की लिस्ट में कितनी दवायें 6 महीने से उपलब्ध नहीं है;

च) दिल्ली सरकार के कितने अस्पतालों में रोगी समिति का गठन हुआ है व उनकी बैठक कब–कब हुई है, विस्तृत जानकारी दें; और

छ) घोंडा विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला क्लीनिकों में कितनी तरह के टेस्ट किये जाते हैं, क्या–क्या दवाईयाँ मिलती हैं और कितना स्टाफ कार्यरत हैं और किस–किस विभाग का है, मोहल्ला क्लीनिकवार सूची प्रदान करें?

**142. श्री जय भगवान उपकार** — **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) बवाना विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर–23 में वर्ष 2022 में 12 करोड़ की लागत से बनने वाली पॉलीक्लीनिक का कार्य कब तक शुरू होगा और सेक्टर–26 का कार्य कब तक शुरू होगा?



**143. श्री राजेश ऋषि** — **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) हरिनगर स्थित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में वर्ष 2020 से 2023 के दौरान वर्षवार कितनी सर्जरी की गईं;

ख) वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान 30 नवंबर, 2023 तक दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में खरीद (प्रोक्योरमेंट) तथा स्थानीय खरीद पर प्रतिदिन के हिसाब से कितनी राशि व्यय की गई;

ग) दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में कुल कितने सीनियर मेडीकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर और रेज़िडेंशियल अधिकारी किस–किस विभाग में तैनात हैं;

घ) जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में मोहल्ला क्लीनिकों के खोले जाने के संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है;

ङ) दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को अब तक जनकपुरी सुपर स्पेसियल्टी अस्पताल में स्थानांतरित न किए जाने के क्या कारण हैं;

च) जनकपुरी स्थित दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीयूट में कुल कितने एसआर/जेआर डॉक्टर तैनात हैं;

छ) दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में औसतन कितने रोगी आते हैं और उन्हें वहाँ क्या सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं;

ज) दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में जेएसएसएच द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष में 30 नवंबर, 2023 तक खरीद व स्थानीय खरीद पर खर्च की गई राशि, प्रतिदिन के हिसाब से क्या है;

झ) जेएसएसएच में सीनियर मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर, रेज़िडेंशियल मेडिकल ऑफिसर व अन्य पैरामेडिकल व मिनीस्टीरियल स्टाफ सहित, कुल कितने स्टाफ की तैनाती है;

ञ) दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के विभिन्न विभागों में कुल कितने बिस्तर हैं;

ट) दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में कुल कितने वार्ड हैं;

ठ) दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के विभिन्न विभागों में कुल कितने आईसीयू बिस्तर हैं;

ड) दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के सभी वार्डों में क्या–क्या सुविधाएँ हैं, सूची प्रदान करें; और

ढ) दीनदयाल अस्पताल में चालू एवं बंद ऑपरेशन थियेटरों की संख्या क्या है?

**144. श्रीमती बंदना कुमारी** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) हैदरपुर में मैक्स अस्पताल के बिल्कुल पास में डीडीए की एक ज़मीन पर दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पताल के चल रहे कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

ख) क्या इस अस्पताल में ओपीडी, मरीजों के लिये लाउंज, डॉक्टरों के लिये केबिन, पार्किंग, प्रसूति वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, बर्न वार्ड आदि जैसी सुविधायें दी जायेंगी अथवा नहीं;

ग) यदि नहीं, तो ये सुविधाएं नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं;

घ) क्या इस अस्पताल के मूलभूत डिजाइन में कुछ बदलाव किया गया है; और



ङ) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं एवं सभी प्रस्तावित बदलाव की संपूर्ण जानकारी दें?

**145. श्री राजेश गुप्ता** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कितनी आशा वर्कर है, नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) दिल्ली सरकार के अस्पतालों के लिए एआर स्टडी की वर्तमान स्थिति क्या है;

ग) इस एआर स्टडी में उनके लिये कितने डाटा एन्ट्री ऑपरेटर लगाये गये थे, पूर्ण विवरण दें;

घ) दीप चंद बंधु अस्पताल में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कार्य कर रहे हैं या नहीं; और

ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, पूर्ण विवरण उपलब्ध करवायें?

**146. श्री सुरेन्द्र कुमार** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) स्वास्थ्य विभाग द्वारा फरिश्ते योजना में वर्ष 2018—19, 2019—20, 2020—21, 2021—22, 2022—23 और 1 अप्रैल 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक कितने लोगों का इलाज हुआ;

ख) फरिश्ते योजना व डाक के अन्तर्गत प्राईवेट अस्पतालों का सरकार के ऊपर कितना पैसा बकाया है, पूर्ण विवरण दें;

ग) सरकारी अस्पतालों, पॉलीक्लीनिक, डिस्पेंसरी व मोहल्ला क्लीनिक द्वारा मरीजों का फ्री ब्लड टेस्ट कराने के लिए जिन प्राईवेट लैब को टेंडर दिया गया है, उनका कितना पैसा सरकार पर बकाया है;

घ) जिन प्राईवेट संस्थानों से रेडियोलॉजिकल टेस्ट कराये जाते हैं, उनका सरकार पर कितना पैसा बकाया है;

ड.) जिन प्राईवेट अस्पतालों का, डाक सर्जरी स्कीम के तहत सरकार पर पैसा बकाया है, उसका पूरा विवरण दें; और

च) ऊपर दिये बकाया पैसों के लिये कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं, पूर्ण विवरण दें?

**147. श्री ऋतुराज गोविन्द — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में 20 से 25 कॉलोनियों में गंदे पानी की सप्लाई की समस्या से निपटने की सरकार की क्या योजना है;

ख) गर्मी के दिनों में किराड़ी यूजीआर पर जल आपूर्ति सुधार करने की सरकार की क्या योजना है;

ग) किराड़ी विधान सभा में दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या में कमी को दूर करने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

घ) क्या सरकार की किराड़ी विधान सभा में पानी के बिल की माफी की कोई योजना है; और

ङ) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें?



**148. श्री दुर्गेश पाठक — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि माननीय मुख्यमंत्री ने जे.जे. क्लस्टर्स में जल की गुणवत्ता सुधारने के लिए दिल्ली में आर.ओ. प्रणाली स्थापित करने पर ज़ोर दिया है;

ग) यदि हाँ, तो यह परियोजना कब तक आरंभ होने की संभावना है; और

ग) इस योजना का विस्तृत विवरण क्या है?

**149. श्री अभय वर्मा — दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा वर्ष 2020, वर्ष 2021, वर्ष 2022, वर्ष 2023 में अब तक पानी और सीवर व अन्य कार्यों पर कितना बजट का प्रावधान रहा और कितने किलोमीटर पानी पाइपलाइन व कितने किलोमीटर सीवर लाइन डाली गई, विस्तृत जानकारी विवरण सहित दें;

ख) लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 में क्या पानी की सप्लाई बढ़ाने की कोई योजना बनी है;

ग) यदि हाँ, तो क्या बनी है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

घ) आगामी गर्मी के मौसम में लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 के लोगों को पर्याप्त पानी देने की क्या योजना है, लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 में जल आपूर्ति में वृद्धि हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या कदम उठाए गए हैं, विस्तृत जानकारी दें;

ङ) शाहदरा लिंक ड्रेन के जीर्णोद्धार के कार्य की प्रगति रिपोर्ट क्या है, इससे संबंधित अधिकारियों का संपर्क सूत्र (मोबाइल नंबर) सहित विवरण उपलब्ध करवाएं;

च) क्या इस ड्रेन के सौंदर्यीकरण की कोई योजना बनी है;

छ) यदि हाँ, तो इस पर कितना खर्च आने वाला है, विस्तृत जानकारी दी जाए;

ज) क्या लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 में बंद पड़े रैनी वेल को चालू/नया टयूबवेल लगाने की कोई योजना है;

झ) अगर उत्तर हाँ है, तो क्या योजना है;

ञ) यदि नहीं, तो अब तक योजना नहीं बनाए जाने के क्या कारण हैं; और

ट) लक्ष्मी नगर विधान सभा–58 में कितने नये टयूबवेल और वॉटर एटीएम लगाये जायेंगे, विस्तृत जानकारी दें?

150. श्री विशेष रवि — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) करोल बाग़ विधानसभा क्षेत्र से संबंधित सीवर बेलदारों की कुल संख्या कितनी है;

ख) करोल बाग विधानसभा क्षेत्र में सीवर लाइनों की कुल लंबाई कितने किलोमीटर है;

ग) दिल्ली जल बोर्ड के नियमों के अनुसार सीवरलाइन की प्रति किलोमीटर लंबाई के लिए कितने सीवर कर्मचारी होने चाहिए;



घ) क्या करोल बाग़ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियत सीवर कर्मचारियों की कुल संख्या क्या है और क्या यह दिल्ली जल बोर्ड के नियमों के अनुरूप है, यदि नहीं, तो इन रिक्तियों की पूर्ति हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

ङ) 'जल रख–रखाव' (वॉटर मेंटेनेंस) के लिए दिल्ली जल बोर्ड के नियमानुसार कितने कर्मचारियों को नियुक्त किया जाता है; और

च) करोलबाग़ विधानसभा क्षेत्र के लिए जल रख–रखाव के लिए नियत कर्मचारियों की कुल संख्या क्या है और क्या यह दिल्ली जल बोर्ड के नियमों के अनुरूप है, यदि नहीं तो इन रिक्तियों की पूर्ति के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

151. श्री शिव चरण गोयल — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मोती नगर विधान सभा में करमपुरा, न्यू मोती नगर, मोती नगर, रमेश नगर, कीर्ति नगर, नामधारी कॉलोनी, मानसरोवर गार्डन, शारदा पुरी व सरस्वती गार्डन इन सभी जगहों की सीवरेज वाटर मेन ट्रंक सीवर लाइन जो कि केशवपुर एसटीपी में जाती है। क्या यह मैन ट्रंक सीवर लाइन शादीपुर से राजा गार्डन चौक तक 92 प्रतिशत सिल्ट से भरी है और बंद है;

ख) क्या यह सत्य है कि मोती नगर विधान सभा के अधिकांश सीवर लाइन ओवरफ्लो चल रहे है;

ग) यदि हाँ, तो इनकी सफाई की आगे की क्या योजना है, विस्तृत ब्यौरा दें; और

घ) मैन ट्रंक सीवर लाइन कब तक डिसिल्ट हो जाएगी, इसके एक्शन प्लान का पूरा ब्यौरा दें?

152. श्री शिव चरण गोयल — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मोती नगर विधान सभा में जल बोर्ड की जितनी भी गाड़ियां प्राइवेट नियुक्त कर रखी हैं व जो अस्थायी हैं इसका पूरा ब्यौरा दें;

ख) दिल्ली जल बोर्ड में सीवर की सफाई और पानी की सप्लाई के लिए कितने कर्मचारी स्थायी हैं तथा कितने कर्मचारी अस्थायी हैं, उनका संपूर्ण विवरण दें;

ग) मोती नगर विधान सभा में वर्ष 2019–2020, 2020–2021, 2021–2022, 2022–2023 तक दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सीवर और वाटर लाइन में रिप्लेसमेंट व डेवलपमेंट के जितने भी कार्य किए गए इसका पूर्ण विवरण दें;

घ) मोती नगर विधान सभा में जितने भी स्थायी कर्मचारी हैं जो ऑफिस और ग्राउंड में काम करते हैं, उनका पूरा ब्यौरा दें;

ङ) मोती नगर विधान सभा जल बोर्ड में 2023–2024 में जितने भी कार्य किये गए व जितने भी कार्य प्रोग्रेस में चल रहे हैं और जितने कार्य 2024 में होने वाले हैं उसका पूर्ण विवरण दें; और

च) मोती नगर विधान सभा में जल बोर्ड की गाड़ियां जो सीवर की सफाई करती है उनमें जितनी भी सरकारी गाड़ियां हैं जो स्थायी हैं, उसका पूर्ण विवरण दें?

153. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली जल बोर्ड का कर्जा 72 हजार करोड़ रूपये तक पहुंच गया है;



ख) पिछले नौ वर्षो में दिल्ली में दिल्ली जल बोर्ड के उपभोक्ताओं की संख्या कितनी रही है और उनसे कितना राजस्व प्राप्त होता है;

ग) क्या दिल्ली में उपभोक्ताओं की संख्या बढ रही है और राजस्व लगातार कम हो रहा है;

घ) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और

ङ) दिल्ली जल बोर्ड के खातों का सीएजी ऑडिट कराने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं?

154. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले नौ वर्षों में दिल्ली में कितने गांवों और अनाधिकृत कॉलोनियों में दिल्ली जल बोर्ड ने सीवर डालने का काम शुरू किया है;

ख) इनमें से कितने कार्य पूरे किए जा चुके हैं और कितनी राशि व्यय की गई है; और

ग) अभी कितने गांवों और अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर डालने का कार्य किया जा रहा है?

155. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली जल बोर्ड की दिनांक 1 जुलाई, 2022 व 10 अक्टूबर, 2022 की बोर्ड मीटिंग में कितने एसटीपी के अपग्रेडेशन व नवीनिकरण के कार्यों के आवंटन की मंजूरी दी गई;

ख) इन कार्यों की अनुमानित लागत क्या है, इन कार्यों की अनुमानित लागत के उपरान्त औचित्य लागत क्या नियत की गई तथा इन कार्यों को कितनी लागत पर आवंटित किया गया;

ग) क्या यह सत्य है कि एजेंसियों को उपरोक्त कार्य औचित्य लागत से लगभग पांच प्रतिशत अधिक पर कार्य आवंटित किया गया;

घ) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है;

ङ) क्या इन कार्यों से संबंधित निविदा नियम और शर्तों में क्या किसी विशेष तकनीकी का होना आवश्यक किया गया था;

च) इन एसटीपी को पारंपरिक तकनीक, जो कि एनजीटी द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है और 45 एमजीडी कोंडली एसटीपी में इसका उपयोग हुआ है, द्वारा भी अपग्रेड किया जा सकता था तो इन एसटीपी को नई तकनीक द्वारा अपग्रेडेशन के प्रावधान को निविदा में रखने के क्या कारण हैं;

छ) टीकेएन को निविदा के कार्य के दायरे से बाहर रखे जाने के क्या कारण हैं;

ज) जिन एजेंसियों को ये कार्य आवंटित किये गये क्या उन्हें कभी आईएएफएस तकनीक आधारित म्यूनिसिपल एसटीपी चलाने का अनुभव है;

झ) कार्य आवंटन से पूर्व क्या इन एजेंसियों के अनुभव का सत्यापन किया गया; और

ञ) इन कार्यों की अनुमानित लागत, औचित्य लागत व आवंटित राशि में लघु अवधि में वृद्धि करने का क्या कारण हैं?



156. श्री जितेन्द्र महाजन दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले 4 वर्षों में दिल्ली जल बोर्ड का वित्तीय घाटा कितना है, वर्षवार विवरण दे;

ख) रोहतास नगर विधानसभा के अंतर्गत प्रस्तावित यूजीआर को बनाने की समय–सीमा क्या रखी गयी है;

ग) पिछले दिनों दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के बिलों से संबंधित समस्या के समाधान के लिए एकमुश्त भुगतान योजना लाने की घोषणा की गई थी यह योजना कब तक लागू की जाएगी;

घ) पिछले 5 वर्षों में दिल्ली जल बोर्ड से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की संख्या तथा दिल्ली जल बोर्ड में की गयी नई भर्तियों की संख्या (स्थायी/अस्थायी) की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

ङ) पानी के मीटर का मानक क्या है, दिल्ली जल बोर्ड के मीटर फेल होने के मानक क्या है और केन्द्र सरकार द्वारा क्या मानक तय किए गए है, जानकारी उपलब्ध करवाई जाए; और

च) दिल्ली में पानी की कमी की समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार की जल संचयन को लेकर क्या योजना प्रस्तावित है?

157. श्री मोहन सिंह बिष्ट दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के अतंर्गत आने वाले क्षेत्रों को कुल कितना एमजीडी पानी दिया जा रहा है, किन–किन स्त्रोतों से दिया जा रहा है, संपूर्ण विवरण दें;

ख) करावल नगर विधान सभा क्षेत्र में सोनिया विहार से कुल कितना एमजीडी पानी दिया जा रहा है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सोनिया विहार ट्रीटमेंट प्लांट होने के बावजूद पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है; और

घ) यदि हाँ, तो घनी आबादी को देखते हुए पर्याप्त रूप से जल देने की क्या योजना है और कब तक गंगा जल इस क्षेत्र को दिया जायेगा?

158. श्री ओम प्रकाश शर्मा — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2015 से अब तक प्रदान की गई कुल जल–आपूर्ति की मात्रा क्या रही है; और

ख) कृपया जनवरी 2021 से 31 दिसंबर 2021, जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 तथा जनवरी 2023 से अब तक की अवधि के लिए औसत दैनिक जल–आपूर्ति का विवरण प्रदान करें?

159. श्री पवन कुमार शर्मा — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 01 अगस्त, 2023 से 01 दिसम्बर, 2023 तक दिल्ली जल बोर्ड को गलत मीटर रीडिंग और अधिक पानी का बिल आने की कुल कितनी शिकायतें उपभोक्ताओं द्वारा प्राप्त हुई, कितनी शिकायतों का निस्तारण किया गया और कितनी अभी तक लंबित हैं;



ख) क्या पानी के मीटर चोरी होने पर नये मीटर का भुगतान उपभोक्ताओं को स्वयं करना पड़ता है;

ग) मीटर चोरी होने या खराब होने की स्थिति में नए मीटर लगाने की संपूर्ण प्रक्रिया क्या है और कितना शुल्क विभाग द्वारा लिया जा रहा है, संपूर्ण विवरण दीजिए;

घ) क्या उपभोक्ता जल बोर्ड के अधिकारी द्वारा तय कंपनी का ही पानी का मीटर लगा सकता है या दिल्ली सरकार द्वारा अधिकृत किसी भी कंपनी का मीटर स्वयं तय करके लगवा सकता है, उक्त संपूर्ण प्रक्रिया का विवरण दीजिए;

ङ) जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए क्या विभाग पानी के बिल माफ करने का कोई प्रस्ताव ला रहा है; और

च) यदि हाँ, तो कब तक पूर्ण विवरण दें?

160. श्री अनिल कुमार बाजपेयी — दिल्ली जल बोर्ड

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा 1 अप्रैल, 2015 से लेकर 2020 तक और 2020 से 31 अक्टूबर, 2023 तक कितने सारे कार्य चाहे वह जल बोर्ड की नई लाइन हो, सीवर डालने, खुदाई एवं ढक्कन बदलने का कार्य हो उसमें कितनी राशि के टैंडर हुए तथा किस–किस कंपनी को दिये गये उनकी अनुमानित लागत कितनी है और वर्क आर्डर कितने का हुआ है; और

ख) उपरोक्त में से कौन–कौन से कार्य पेंडिंग हैं, दस्तावेजों सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए?

**161. श्री जय भगवान उपकार** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बवाना विधान सभा के सेक्टर–23 यूजीआर व सेक्टर–29 यूजीआर में पानी कब तक बढ़ाया जायेगा और डीडीए से हैंडओवर 36 यूजीआर में पानी की ऐलोकेशन कब तक की जायेगी?

**162. श्री राजेश गुप्ता** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वजीरपुर विधान सभा क्षेत्र में पानी के कितने टैंकर चलते हैं और कहां–कहां चलते हैं;

ख) उपरोक्त में से कितने टैंकर प्राईवेट और कितने सरकारी हैं; और

ग) इनको किस एजेंसी के माध्यम से चलाया जाता है, संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें?

**163. श्री महेन्द्र गोयल** **दिल्ली जल बोर्ड**

क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा वन टाइम सेटलमेंट लाने की योजना है;

ख) यदि हाँ, तो यह योजना कब से शुरू हो पायेगी; और

ग) इस योजना के तहत किन–किन प्रकार के सेटलमेंट होंगे, पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाय?



**164. सुश्री भावना गौड़** **श्रम**

क्या माननीय श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मार्च 2015 से पालम विधान सभा क्षेत्र में जारी श्रमिक कार्डों की संख्या नाम व पते के अनुसार बताईये;

ख) श्रमिक कार्ड जारी करने के लिये अपनाई जाने वाली पद्वति एवं अपेक्षित दस्तावेजों का पूरा ब्यौरा बतायें; और

ग) दिल्ली सरकार द्वारा संचालित श्रमिकों के लिये सभी कल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण ब्यौरा दीजिये?

**165. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के अंतर्गत कौन–कौन सी विधानसभाओं में उद्योग चल रहे हैं, उनकी संख्या बताएं;

ख) वर्ष 2010, 2011 तथा 2012 में कितने क्षेत्रों को औद्योगिक क्षेत्र चिन्हित किया गया था, संपूर्ण विवरण दें;

ग) क्या यह भी सत्य है कि औद्योगिक क्षेत्र चिन्हित होने के बाद आज तक इन क्षेत्रों में कोई भी विकास कार्य नहीं किया गया;

घ) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और

ङ) जहाँ औद्योगिक क्षेत्र चल रहे हैं उनमें विकास कार्य न करने के क्या कारण हैं?

**166. श्री जरनैल सिंह** **खाद्य सुरक्षा**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में चलने वाले रेस्टोरेंट्स व मिठाई की दुकानों को खाने–पीने की चीजों से सम्बन्धित किन–किन नियमों का ध्यान रखना पड़ता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी जाए;

ख) दिल्ली में खाने–पीने की वस्तु की क्वालिटी से सम्बन्धित यदि किसी नागरिक को शिकायत करनी है तो वह कहां पर कर सकता है;

ग) फूड सेफ्टी विभाग द्वारा दिल्ली में खाने–पीने का व्यवसाय करने वालों की क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है;

घ) क्या विभाग यह सुनिश्चित कर पा रहा है कि दिल्ली में बनने व बिकने वाला खाना विभाग द्वारा तय किये गए मापदंडों पर ठीक है; और

ङ) विभाग को पिछले 3 वर्षो में कुल कितनी शिकायतें मिली हैं व उन सभी पर क्या कार्रवाही की गई इसका भी विस्तृत विवरण दिया जाए?

**167. श्री ओम प्रकाश शर्मा** **सामान्य प्रशासन**

क्या सामान्य प्रशासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या माननीय मुख्यमंत्री व उनके परिवार के स्वास्थ्य के लिए उनके आवास पर कोई 'हेल्थ क्लब' या जिम–उपकरण जैसे, ट्रेडमिल आदि लगाए गए हैं;

ख) यदि हाँ, तो लगाए गए उपकरणों की सूची उपलब्ध कराएँ;



ग) इन उपकरणों को किराए पर लिया गया है, या खरीदा गया है;

घ) यदि इन्हें खरीदा गया है तो इनका विक्रेता के नाम सहित मूल्य व समस्त विवरण उपलब्ध कराएँ;

ङ) यदि ये किराए पर लिए गए हैं तो किराए व विक्रेता सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ; और

च) यदि इस संबंध में कोई निविदा डाली गई है तो उसका संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ?

**168. श्री ओम प्रकाश शर्मा** **सामान्य प्रशासन**

क्या सामान्य प्रशासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) माननीय मुख्यमंत्री के दिनांक 01.04.2021 से अब तक के, दिल्ली से बाहर के दौरों का विवरण प्रदान करें;

ख) उक्त यात्राओं में परिवहन का माध्यम व दौरों के दौरान भोजन एवं आवास पर हुए व्यय का विवरण प्रदान करें; और

ग) इन यात्राओं के दौरान यदि हवाई यात्राएँ की गई हैं तो उसका विवरण देते हुए स्पष्ट करें कि उक्त फ्लाइट 'कमर्शियल' थी, 'स्पेशल' थी अथवा 'चार्टर्ड' थी?

**169. श्री जय भगवान उपकार** **प्रशिक्षण एवं तकनीकी**

क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि जगह चिन्हित हो जाने के बावजूद बवाना विधानसभा में अभी तक कोई भी आईटीआई नहीं है; और

ख) इस क्षेत्र में कब तक आईटीआई खोल दी जाएगी?

170. श्री विशेष रवि गृह

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) स्थानीय विधायक द्वारा दी गयी शिकायत पत्र संख्या 123128, 123222, 123379, 123382, 123453, 123503, 123504, 123727, 123785, 123903, 123793, 123934, 123936, 123794, 123944, 123992, 123996, 124045, 124051, 124068, 124127, 124184, 124216, 124290, 124360, 123415, 124524, 124549, 125601, 124614, 124144 एवं 124145 पर क्या कार्यवाही की गयी है;

ख) यदि इस पर कार्यवाही नहीं की गयी तो कौन अधिकारी उसके लिये जिम्मेदार हैं; और

ग) इस शिकायत पर कब तक कार्यवाही की जायेगी?

171. श्री विजेन्द्र गुप्ता गृह

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली की जेलों में कैदियों व उनकी सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्डों का स्वीकृत अनुपात और वास्तविक स्थिति क्या हैं;

ख) दिल्ली की प्रत्येक जेल में कैदियों के मुकाबले सुरक्षा गार्डों की कमी को पूरा करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

ग) क्या कैदियों की स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए जेलों में ही बाहरी रोगी विभाग की व्यवस्था है;

घ) यदि हाँ, तो वर्ष 2009 से 2014 के बीच में कितने कैदियों को ओपीडी ट्रीटमेंट के लिए जेल से बाहर ले जाया गया है;



ड.) कैदियों को स्वास्थ्य संबंधी जांच (ओपीडी मरीज) के लिए जेल से बाहर अस्पताल ले लाये जाने के क्या कारण हैं;

च) क्या सरकार की कैदियों के बीच बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए चिकित्सा सुविधाओं और स्वच्छता में सुधार करने की कोई योजना है;

छ) दिल्ली की जेलों में कैदियों को रखने की कुल कितनी स्वीकृत व्यवस्था है और वास्तविक स्थिति में जेलों में कितने कैदी हैं, पूर्ण ब्यौरा दें;

ज) क्या सरकार की दिल्ली में नई जेलों के निर्माण की कोई योजना है;

झ) यदि हाँ, तो कहां–कहां विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराएं;

ञ) इनमें से कितनी जेलों की निर्माण प्रक्रिया कब से प्रारंभ हुई है और कब तक पूर्ण होगी, ब्यौरा दें; और

ट) जिन जेलों के निर्माण की प्रारंभिक प्रक्रिया भी प्रारंभ नहीं हुई, इस विफलता के क्या कारण हैं?

172. श्री भूपिंदर सिंह जून गृह

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजनगर–2, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली में पिछले एक वर्ष के दौरान चोरी के कितने मामले दर्ज़ किए गए हैं;

ख) विजवासन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजनगर–2, पालम कॉलोनी व द्वारका सेक्टर–8 व 9 में कुल कितने पुलिस कर्मचारियों को दिन व रात में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर लगाया गया है;

ग) बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के राजनगर, पालम कॉलोनी व सालापुर खेड़ा में पिछले एक वर्ष में ड्रग–पैडलर्स के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कुल कितने मामले दर्ज किए गए हैं;

घ) उक्त क्षेत्रों में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज़ मामलों में अब तक कितनी चार्जशीट फाइल की गई हैं; और

ङ) क्या इस संबंध में संबंधित डीसीपी द्वारा क्षेत्र के जन–प्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए व सामान्य जनता के साथ कोई ज़िला–स्तरीय बैठकें आयोजित की गई हैं?

**173. श्री राजेश ऋषि** **गृह**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) तिहाड़ जेल में 30 नवंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के स्टाफ की स्वीकृत स्ट्रेंथ व उनकी तैनाती की स्थिति क्या है;

ख) तिहाड़ जेल में कुल कितनी बैरेक हैं और प्रत्येक बैरेक में कितने कैदी रखने की व्यवस्था है और वास्तव में उनमें कितने कैदी (दोषी व विचाराधीन) हैं;

ग) दिनांक 30 नवंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार तिहाड़ जेल में कुल कितने कैदी हैं और उनमें से कितने दोषी व कितने विचाराधीन हैं;



घ) तिहाड़ जेल में विचाराधीन कैदियों का वर्षवार विवरण दें;

ङ) ऐसे कितने कैदी हैं जिनकी अभी सुनवाई आरंभ तक नहीं हुई है;

च) ऐसे कितने विचाराधीन कैदी हैं जिन्होंने उस अपराध की अधिकतम सजा की अवधि पूरी कर ली है, जिसका आरोप उन पर है, परंतु वे अभी दोषसिद्ध नहीं हुए हैं; और

छ) ऐसे कितने कैदी हैं जिन्हें न्यायालय द्वारा ज़मानत दी जा चुकी है, परंतु जो ज़मानत संबंधी औपचारिकताएँ पूरी नहीं कर सके हैं?

**174. सुश्री भावना गौड़** **भूमि एवं भवन**

क्या माननीय भूमि एवं भवन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पालम विधान सभा में कितनी सड़कें और नाले ऐसे हैं जो डीडीए के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या भविष्य में इन सड़कों को दिल्ली सरकार को सौंपने की कोई योजना है; और

ग) यदि हाँ, तो कब तक?

**175. सुश्री भावना गौड़** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पालम विधान सभा के अन्तर्गत पड़ने वाली चार वार्डों क्रमशः पालम, मधु विहार, साध नगर और महावीर एनक्लेव में वो कौन–कौन सी भूमि है जो ग्रामसभा ने डीडीए को सौंप दी है, पूर्ण विवरण दें;

ख) ग्रामसभा के अपने अधिकार क्षेत्र में कौन–कौन सी भूमि है, खसरा नंबर सहित ब्यौरा दें; और

ग) आज उस भूमि की क्या स्थिति है, ब्यौरा दें?

176. श्री सुरेन्द्र कुमार — राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधान सभा क्षेत्र में कहां–कहां पर डीडीए लैंड है, उसकी सूची खसरा नंबर व लोकेशन सहित पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें;

ख) गोकलपुर विधान सभा में दिल्ली सरकार के विभागों को कहां–कहां पर जमीन अलॉट की गयी है और उसकी स्थिति क्या है, खसरा नंबर व लोकेशन सहित पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें; और

ग) इस विधान सभा क्षेत्र में सीलिंग भूमि का पूर्ण विवरण लोकेशन सहित दिया जाए?

177. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत कौन–कौन से स्थानों पर यात्री जा सकते है;

ख) इस प्रयोग हेतु अभी तक कितनी ट्रेनें गईं और किन–किन स्थानों पर गईं;

ग) मॉडल टाउन विधानसभा से अभी तक कितने यात्री तीर्थ यात्रा पर जा चुके हैं और वो किन–किन स्थानों पर गये है, सभी के



नाम, पता उनके मोबाइल नम्बर के साथ पूर्ण सूची उपलब्ध करायें;

घ) मॉडल टाउन विधानसभा से अभी तक कितने यात्री तीर्थ यात्रा पर जाने बाकी हैं जिनका रजिस्ट्रेशन हो चुका है तथा कितने फार्म रद्द किये गये, सभी का नाम, पता उनके मोबाइल नम्बर के साथ पूर्ण सूची उपलब्ध करायें;

ङ) दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत कितने अधिकारी कार्यरत हैं, मॉडल टाउन विधानसभा के लिये कौन–कौन से अधिकारी कॉओर्डिनेटर है, सभी के नाम मोबाइल नम्बर सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें; और

च) दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मॉडल टाउन विधानसभा के लिये कितनी बार बसें उपलब्ध कराई गई हैं, बस नम्बर एवं ड्राईवर के नामों सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाये?

178. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार की जमीन कहां–कहा पर खाली पड़ी है, और किन–किन विभागों की है;

ख) ये सारी ज़मीन किन–किन कार्यों के लिये खाली रखी गयी है, किस प्रयोग में ये ली जायेगी, इसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाये;

ग) मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार की जमीनों पर जो अवैध कब्जे हैं, वे किन –किन व्यक्तियों/संस्थाओं/विभागों

के हैं और ऐसी जमीनों की क्या—क्या लोकेशन है, इस संदर्भ में पूरी जानकारी उपलब्ध करायें;

घ) सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने हेतु सरकार कौन—कौन से कदम उठा सकती है, कब—कब नोटिस दिये उन सभी नोटिसों का पूर्ण ब्यौरा हार्डकापी में उपलब्ध करायें; और

ड.) मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र में 01.01.2015 से अब तक सरकार ने कौन—कौन सी सरकारी जमीन खाली करवायी है, उसका पूर्ण विवरण उपलब्ध करायें?

179. श्री अभय वर्मा राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा—58 में वर्ष 2021, 2022 व 2023 में छठ पूजा का आयोजन कृत्रिम घाट बनाकर कितने स्थानों पर किया गया, स्थानों एवं संस्था की सूची व प्रत्येक घाट पर घाट बनाने, टेंट, लाइट, साउंड आदि पर कितना बजट आवंटित किया गया विस्तृत जानकारी दें;

ख) पूरी दिल्ली में 2022 व 2023 में कितने कृत्रिम घाट पर छठ पूजा का आयोजन किया गया और इन आयोजनों पर सरकार द्वारा प्रत्येक कृत्रिम घाट अनुसार कितना बजट आवंटित किया गया;

ग) यमुना किनारे छठ पूजा का आयोजन क्यों नहीं हो पाया और इसके प्रमुख कारण क्या हैं;

घ) भविष्य में यमुना किनारे छठ पूजा आयोजित करने की कोई योजना है;



ङ) यदि हाँ, तो क्या योजना है और नहीं है तो अब तक योजना क्यों नहीं बनी;

च) क्या क्षेत्र के विकास के लिए जिलाधिकारी और जिला विकास परिषद के पास बजट का कोई प्रावधान होता है;

छ) यदि हाँ, तो बजट अनुशंसा की क्या प्रक्रिया है; और

ज) किसी विधान सभा क्षेत्र में मॉडल छठ घाट बनाने के क्या प्रावधान हैं तथा विधायक के सुझाव को न मानना और यदि कोई अधिकारी क्षेत्रीय विधायक के अनुरोध के खिलाफ जाकर उनके विधान सभा क्षेत्र में अलग मॉडल छठ घाट बनाते हैं तो उनके विरूद्ध किस प्रकार के कानूनी कार्रवाई के प्रावधान हैं?

180. श्री विशेष रवि राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) स्थानीय विधायक द्वारा दी गयी शिकायत पत्र संख्या 124485 एवं 124060 पर क्या कार्यवाही की गयी है;

ख) यदि इस पर कार्यवाही नहीं की गयी तो कौन—कौन से अधिकारी उसके लिये जिम्मेदार हैं; और

ग) इस शिकायत पर कब तक कार्यवाही की जायेगी?

181. श्री राजेन्द्र पाल गौतम राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एस.सी. / एस.टी., ओ.बी.सी सर्टिफिकेट बनाने की समय—सीमा कितनी है;

ख) क्या दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के मुख्यालय एवं सभी एस.डी.एम. ऑफिस में एस.सी./एस.टी., ओ.बी.सी. सर्टिफिकेट का डाटा डिजीटलाइज हो गया है;

ग) यदि नहीं, तो (उपरोक्त डाटा कब तक डिजीटलाइज) कब तक हो जाएगा;

घ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के सभी एस.डी.एम. ऑफिस में एस.सी./एस.टी., ओ.बी.सी. सर्टिफिकेट निर्धारित समय के अंदर वैरीफिकेशन नहीं होने की वजह से सर्टिफिकेट का आवेदन रद्द कर दिया जात है;

ङ) दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग में इन्कम सर्टिफिकेट इश्यू करने की समय सीमा कितनी है;

च) क्या यह सत्य है कि सर्टिफिकेट जारी कराने हेतु आवेदकों को एस.डी.एम. ऑफिस आना पड़ता है;

छ) यदि हाँ, तो ऑनलाईन से कितने परसेंट लोगों का सर्टिफिकेट बनता है और लगभग कितने परसेंट लोगों को सर्टिफिकेट बनाने के लिए ऑनलाईन अप्लाई करने के बाद भी फिजिकली जाना पड़ता है; और

ज) क्या यह सत्य है कि ज्यादातर आवेदकों को सर्टिफिकेट बनाने के लिए फिजिकली जाने की वजह से ऑनलाईन आवेदन करने का महत्व खत्म हो गया है?

182. श्री जितेन्द्र महाजन राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अवैध निर्माण के कारण दिल्ली नगर निगम द्वारा बुक की गयी संपत्तियों की रजिस्ट्री (पंजीकरण) करने का क्या प्रावधान है;



ख) अवैध निर्माण के कारण बुक की गयी संपत्तियों की रजिस्ट्री करने के आरोप में दोषी पाये गये अधिकारियों के खिलाफ पिछले 4 वर्षों में क्या कार्यवाही की गयी है, विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए;

ग) भविष्य में बुक की गयी संपत्तियों की रजिस्ट्री (पंजीकरण) न हो, इसके लिये सरकार द्वारा क्या ठोस कदम उठाये गये हैं;

घ) बुक की गयी संपति पर बैंकों (सरकारी/प्राईवेट) द्वारा ऋण दिया जा सकता है अथवा नहीं;

ड.) यदि विक्रेता, दिल्ली नगर निगम तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालय की मिलीभगत से कोई बुक की गयी संपत्ति किसी नागरिक को बेच दी जाती है तो क्या सरकार द्वारा क्रेता को कोई मुआवजा देने और क्रेता द्वारा अपनी रजिस्ट्री निरस्त करवाने पर सरकार द्वारा ली गयी फीस वापिस करने का कोई प्रावधान है; और

च) शाहदरा जिला की पिछले 5 वर्षों की ऐसी संपत्तियों की सूची प्रदान की जाये जिनका निर्माण अवैध होने के बाद भी पंजीकरण किया गया?

183. श्री विजेन्द्र गुप्ता राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार में कार्यरत कितने कोरोना योद्धाओं की मृत्यु कोविड संक्रमण से हुई थी;

ख) दिल्ली सरकार में कार्यरत कोरोना योद्धाओं का नाम, पता, विभाग तथा पद का विवरण प्रदान करें जिनकी मृत्यु कोविड संक्रमण से हुई;

ग) दिल्ली सरकार में कार्यरत कोरोना योद्धाओं जिनकी मृत्यु कोविड संक्रमण से हुई हैं और उनके परिवारों या रिश्तेदारों को भुगतान की गयी मुआवजा राशि के बारे में तिथिवार जानकारी प्रदान करें;

घ) दिल्ली सरकार द्वारा प्राप्त दावे के बारे में विवरण प्रदान करें और प्राप्त दावे की अस्वीकृति के कारण के बारे में विवरण प्रदान करें;

ड.) इस वर्ष छठ पर्व के आयोजन के लिये दिल्ली में कितने छठ घाट बनाये जाने थे और कितने छठ घाट बनाये गये;

च) इस वर्ष छठ पर्व के आयोजन के लिये दिल्ली में कितने छठ घाटों को दिल्ली नगर निगम ने 40000 रूपये की राशि दी, विस्तृत जानकारी दें; और

छ) इस वर्ष छठ पर्व के आयोजन के लिए विभिन्न विभागों ने कितनी राशि खर्च की?

**184. श्री संजीव झा** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में राजस्व जिला, सेंट्रल और नार्थ में कितनी ग्राम सभा भूमि डीडीए को सौंपी गई है उसका खसरा और क्षेत्रफल सहित विवरण उपलब्ध करवाए;

ख) क्या डीडीए द्वारा इन सभी भूमि पर विभागीय कब्जे की कार्यवाही पूरी की जा चुकी है;

ग) यदि हाँ, तो उसका खसरा सहित विवरण दें;

घ) यदि नहीं, तो क्या कारण हैं; और



ङ) यदि डीडीए को सौंपने के बाद भी किसी ग्राम सभा भूमि पर अवैध अतिक्रमण जारी है तो क्या उस अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही राजस्व विभाग के द्वारा की जा सकती है?

**185. श्री संजीव झा** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जहाँगीर पुरी, प्रयास सेंटर ईई ब्लॉक (भलस्वा जहाँगीर पुर) के समीप खाली भूमि खसरा संख्या 21, 1436, 1437, 1439, 1440, 1441, 1442, 1443, 1448, 1463, 1464, 1465, 1466, 1468, 1469, 1470, 1471, 1525, 1526, 1527, 1528, 1529, 1530, 1531, 1532, 1533, 1534, 1535, 1537, 1538, 1539, 1540, 1541, 1542, 1543, 1544, 1545, 1546, 1547, 1549, 1566, 1567, 1568, 1569, 1570, 157 केन्द्र अथवा राज्य सरकार के कौन–कौन से विभागों से संबंधित है;

ख) यदि यह खाली भूमि केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के अलग–अलग विभागों से संबंधित है तो उसका पूर्ण विवरण क्षेत्रफल और खसरा सहित उपलब्ध करवायें;

ग) क्या डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट (नार्थ) और एसडीएम (मॉडल टाउन) को इस भूमि पर अवैध अतिक्रमण की कोई जानकारी है; और

घ) यदि हाँ, तो इस संबंध में उनके द्वारा क्या कार्यवाही की गई है अथवा कोई कार्यवाही की जानी अपेक्षित है?

**186. श्री प्रवीण कुमार** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या एमसीडी द्वारा बुक प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री, खरीद फरोख्त हो सकती है;

ख) यदि नहीं, तो इसका क्या नियम है विवरण दें; और

ग) यदि हाँ, तो इसका क्या नियम है, नियमावली की कॉपी के साथ पूर्ण विवरण दें?

**187. श्री पवन कुमार शर्मा** राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) हरियाणा सरकार की तरह खून के रिश्ते में सम्पत्ति का हस्तान्तरण बिना स्टैम्प डयूटी के करने की सरकार की क्या कोई जनकल्याणकारी योजना है;

ख) यदि हाँ, तो यह योजना कब तक लागू करने की योजना है; और

ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**188. श्री जरनैल सिंह** राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में राजस्व विभाग के आधीन कुल कितने सब–रजिस्ट्रार कार्यालय आते हैं;

ख) यदि किसी को अपना कोई दस्तावेज रजिस्टर करवाना है तो इन सभी सब–रजिस्ट्रार कार्यालयों में आवेदन पश्चात कितने दिन बाद का समय मिलता है;

ग) क्या यह सत्य है कि जनकपुरी सब–रजिस्ट्रार कार्यालय में पिछले लंबे समय से लोगों को लंबी प्रतीक्षा अवधि की वजह से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है;



घ) यदि हाँ, तो विभाग द्वारा इस समस्या को दूर करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं, विस्तृत विवरण दिया जाये;

ङ) क्या यह सत्य है कि पश्चिमी जिला डीएम के अंतर्गत आने वाला यह जनकपुरी सब रजिस्ट्रार ऑफिस पश्चिम जिले की सीमा से बाहर है;

च) क्या पश्चिम जिले के लोगों को राहत देने के लिये कोई नया ऑफिस विभाग द्वारा बनाने पर विचार किया जा रहा है;

छ) यदि हाँ, तो उसका विस्तृत विवरण दिया जाये;

ज) यदि नहीं, तो इस समस्या के समाधान हेतु सरकार की क्या योजना है;

झ) यदि कोई व्यक्ति किसी कारण से रजिस्ट्री नहीं करवा पाता पर स्टांप ड्यूटी दे देता है तो उसे वापस लेने की क्या प्रक्रिया है;

ञ) 1 जनवरी 2015 से अब तक कुल कितने मामले हैं जिनमें लोगों ने रजिस्ट्रेशन फीस वापस लेने के लिये आवेदन किया है; और

ट) इनमें से कितनों को वापिस मिल गई है व कितनों की अभी तक पैंडिंग है, विस्तृत जानकारी दी जाये?

**राज कुमार**

**सचिव**